चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 241, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 30 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

महिला आरक्षण बिल कानून बना

राष्ट्रपति ने साइन किए, गजट नोटिफिकेशन भी जारी; 20 सितंबर को लोकसभा, 21 को राज्यसभा

नई दिल्ली

महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अब यह विधेयक कानून बन गया है। भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है। बता दें कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इसी महीने की शुरूआत में संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। इस विधेयक के जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान



परिषद दायरे में नहीं आएंगी।

लोकसभा और राज्यसभा में इस दिन हुआ था पारितः महिला आरक्षण से संबंधित 128वां संविधान संशोधन विधेयक 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित किया गया था। बिल के पक्ष में 214 वोट पड़े, जबकि किसी ने भी बिल के खिलाफ वोट नहीं डाला था। इससे पहले 20 सितंबर को विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। लोकसभा ने भी इस बिल को दो तिहाई बहुमत के साथ पास किया था। इसके पक्ष में 454 और विरोध में दो वोट पड़े थे।

अमल में लाने के लिए पूरी करनी होंगी ये शर्तें

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गई हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी।

57 जनपदों में स्थापित होंगे अत्याधुनिक सुविधा युक्त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय, 12वीं तक होगी पढ़ाईः मुख्यमंत्री

सुविधाओं से लैस होंगे कम्पोजिट विद्यालय

अटल आवासीय विद्यालयों के बाद प्रदेश के बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और उपहार, 5-10 एकड़ का होगा 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' परिसर, मुख्यमंत्री का निर्देश चिन्हित करें भूमि

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'अटल आवासीय विद्यालयों' की स्थापना के बाद प्रदेश के 57 जिलों में सर्व सुविधा युक्त 'मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों' की स्थापना तथा सभी 75 जिलों में एक-एक कम्पोजिट विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में 'पीएम श्री' विद्यालयों के विकास योजना की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन प्रारंभ हो चुका है। अब हमें प्री-प्राईमरी से लेकर 12वीं तक के लिए हर जनपद में एक सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अटल आवासीय विद्यालयों से आच्छादित जनपदों के अतिरिक्त शेष 57 जिलों में एक-एक 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' की स्थापना की तैयारी करें। 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' का परिसर 5-10 एकड़ का हो। इसके लिए संबंधित जिलों में भूमि का चिन्हांकन यथाशीघ्र पूरा कर लें। प्रारंभिक रूप में यहां हर कक्षा के लिए न्यूनतम 03 सेक्शन की व्यवस्था हो। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य,

शिक्षक संवर्ग व अन्य स्टाफ के लिए आवासीय सुविधा हो।विद्यालय में विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

प्रत्येक कक्षा हेतु स्मार्ट क्लास हो। रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर हो। कक्षा-01 से 08 हेतु कम्पोजिट विज्ञान व गणित प्रयोगशाला, कक्षा-09 से 12 हेतु रसायन, भौतिकी विज्ञान हेतु माड्यूलर प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब एवं लैंग्वेज लैब, कक्षा-01 से 8 एवं कक्षा-09 से 12 हेतु पृथक-पृथक पुस्तकालय, विशाल खेल का मैदान व ओपन जिम के साथ मल्टीपल एक्टीविटी हॉल, सोलर पैनल एवं वर्षा जल संचयन इकाई की स्थापना, वॉटर प्लान्ट, मिड-डे-मील किचन व डायनिंग हॉल, वॉशिंग एरिया, मल्टीपल हैण्डवाशिंग यूनिट की एकीकृत व्यवस्था, आधुनिक अग्नि शमन यंत्र एवं ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस बनाया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेसिक शिक्षा में व्यापक सुधार के उद्देश्य से 'पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना की घोषणा की है। योजना अंतर्गत भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के 1725 शासकीय विद्यालयों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में विकास के लिए चयनित 272 प्राथमिक परिषदीय विद्यालय और 570 कम्पोजिट परिषदीय विद्यालय और 82 माध्यमिक विद्यालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक निर्माण कार्य दिसम्बर तक पूरा करा लिया जाए। पीएम श्री के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धांतों के अनुरूप चरणबद्ध रूप से इन विद्यालयों में अल्ट्रा मॉडर्न तकनीकी व डिजिटल शिक्षा व्यवस्था का विकास किया जाना है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आइसीटी लैब, लैंग्वेज लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, अटल टिंकरिंग लैब स्थापित होंगे, साथ ही सोलर पैनल, एलईडी लाइटिंग, ऊर्जा कुशल संसाधन, पोषण वाटिका, वेस्ट मैनेजमेंट, जल संरक्षण आदि के माध्यम से इन्हें ग्रीन स्कूल के रूप मंन विकसित किया जाएगा।

1 अक्टूबर को बापू को 'स्वच्छांजलि' देगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों से बापू को 'स्वच्छांजलि' देने का आह्वान किया है। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री जी ने 1 अक्टूबर को 1 घंटे के स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम के लिए तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में 154 घंटे का सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की सफलता में स्वच्छ सारथी क्लब को विकसित कर विश्वविद्यालयों/विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। नगर के चौराहों, बस स्टॉप की साफ-सफाई की जा रही है। इस महत्वपूर्ण अभियान में जनसहभागिता को बढ़ाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'कचरा मुक्त भारत' की परिकल्पना को साकार रूप देने के क्रम में आगामी 01 अक्टूबर को प्रत्येक प्रदेशवासी 01 घंटे के स्वच्छता श्रमदान में सहभागिता करे।

हमारा यह सामूहिक प्रयास राष्ट्रपिता बापू को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर 'स्वच्छांजलि' होगी। हर प्रदेशवासी अपने आप-पास के परिवेश में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए श्रमदान अवश्य करे। 01 अक्टूबर को 01 घंटा श्रमदान के इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए जनजागरूकता का प्रसार किया जाए। 01 अक्टूबर को 01 घंटे के स्वच्छता श्रमदान के लिए सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

टीएमसी की तालिबानी मानसिकता : भाजपा

नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पश्चिम बंगाल सरकार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने टीएमसी को तालिबानी मानसिकता करार दिया है। साथ ही लड़कियों के साथ हो रहे दुष्कर्म पर भी राज्य सरकार को लताड़ लगाई है। मीडिया से बातचीत करते हुए शहजाद पूनावाला ने पश्चिम बंगाल को बम, बुलेट और बेटियों के साथ अन्याय की भूमि बताया है। उन्होंने कहा, 'यह वह राज्य है जिसे मां माटी मानुस के नाम पर जाना जाता था।

48 किमी रेंज, माइनस 30 से 75 डिग्री तापमान में सटीक फायर कर सकती है

नई दिल्ली

स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हथियार प्रणालियों को बढ़ावा देने के बड़े प्रयास के तहत सेना ने भारतीय कंपनियों से 400 होवित्जर तोपें खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। इस खरीद पर 6,500 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। भारतीय सेना की तोपखाना रेजीमेंट 155 मिमी और 52 कैलिबर की खींचकर ले जा सकने वाली तोपों (टीजीएस) का उत्पादन करने के लिए भारतीय उद्योग की विशेषज्ञता का उपयोग करने की इच्छुक है।

उच्च स्तरीय बैठक में टीजीएस पर निर्णय ले सकती है सरकारः वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सरकार जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक में टीजीएस पर निर्णय ले सकती है। भारतीय सेना ने पहले ही 307 खींचकर ले जा सकने वाली अत्याधुनिक तोपों (एटीएजीएस) को खरीदने के साथ-साथ चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर अपनी आवश्यकताओं के लिए माउंटेड गन सिस्टम के लिए एक टेंडर जारी कर दिया है। भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित होवित्जर का मतलब यह होगा कि यह हर तरह से पूरी तरह से भारतीय होगी।

पिछले दशक में हुए हैं होवित्जर तोपों की खरीद के लिए चार अनुबंधः सेना चाहती है कि पुरानी बोफोर्स तोपों की तरह ये तोपें वजन में हल्की हों और ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करना आसान हो। पिछले दशक में 155 मिमी की होवित्जर तोपों की खरीद के लिए चार अनुबंध हुए हैं। इन तोपों को पहले ही सेना में शामिल किया जा चुका है और अधिक संख्या में रेजीमेंटों को इन तोपों से सुसज्जित किया जा रहा है। इनमें धनुष, शारंग, अल्ट्रा लाइट होवित्जर (यूएलएच) और के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड गन शामिल हैं। धनुष तोपें बोफोर्स तोपों का इलेक्ट्रानिक अपग्रेड हैं, जबकि शारंग तोपों को 130 मिमी से 155 मिमी कैलिबर तक उन्नत किया गया है। सात रेजीमेंटों को पहले ही यूएलएच से सुसज्जित किया जा चुका है, जबकि पांच को सेल्फ प्रोपेल्ड गन से सुसज्जित किया गया है।

वायुसेना पर रूस-यूक्रेन संघर्ष का असर नहीं: एयर मार्शल

भोपाल

वर्तमान रूस-यूक्रेन संघर्ष ने वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है, लेकिन भारतीय वायुसेना में स्वदेशीकरण के कारण इसका असर नहीं हुआ है। हमारे पास अंतर्निहित क्षमताएं हैं। यह बात भारतीय वायुसेना के रखरखाव कमान प्रमुख एयर मार्शल विभास पांडे ने गुरुवार को भोपाल में समाचार एजेंसी एएनआइ से विशेष चर्चा में कही। एचएएल निर्मित विमान है एसयू-30: उन्होंने कहा कि एसयू- 30 एक हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड

(एचएएल) निर्मित विमान है। समय के साथ एचएएल ने बहुत सारे उपकरण भी स्वदेशी बना लिए हैं, जिनकी एसयू -30 के संचालन के लिए विशेष रूप से दिन-प्रतिदिन के लिए आवश्यकता होती है।

इस्कॉन ने मेनका को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा

गायों को बूचड़खाने में बेचने का आरोप लगाया था; संस्थान ने कहा- भक्त दुखी

कोलकाता

मेनका गांधी के इस्कॉन के खिलाफ दिए बयान को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री की परेशानी बढ़ सकती है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा है कि वह मेनका गांधी के खिलाफ सौ करोड़ रुपये का मानहानि का दावा करेंगे। इस संबंध में मेनका गांधी को नोटिस जारी कर दिया गया है। दास ने कहा कि कोई सांसद बिना किसी तथ्य के ऐसा झूठा आरोप कैसे

लगा सकता है? राधारमण दास ने कहा कि 'मेनका गांधी का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे दुनियाभर में फैले हमारे अनुयायियों को दुख पहुंचा है। हम मेनका गांधी के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का केस कर रहे हैं। हमने उन्हें नोटिस भेजा है। कोई सांसद, जो केंद्रीय मंत्री भी रह चुकी हैं, वह बिना किसी तथ्य के इतनी बड़े वर्ग के खिलाफ झूठ कैसे बोल सकता है।'

मेनका गांधी ने दिया था विवादित बयानः पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के एक बयान पर इन दिनों विवाद हो रहा है।

दुनिया ने हमारे सैन्य संकल्प पर दिया ध्यानः सेना प्रमुख

'रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत का स्टैंड क्लियर'

नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत के रुख का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे लिए राष्ट्रहित पहले है। उन्होंने भारत की विदेश नीति और कूटनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने अपना स्टैंड क्लियर रखा। सेना प्रमुख मनोज पांडे शुक्रवार को विज्ञान भवन में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 118 वें वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। सेना प्रमुख ने कहा कि हमारी

विदेश नीति और कूटनीति इस समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सत्र को संबोधित करते हुए मनोज पांडे ने कहा, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समूह, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन, व्यापार समझौते के विस्तार और वैश्विक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए हमारे प्रयास स्पष्ट है।

भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर जोरः सेना प्रमुख ने कहा कि हमारा प्रयास आत्मनिर्भर भारत बनाने पर है। उन्होंने कहा कि हम अनुसंधान व विकास के लिए परीक्षण और प्रावधान पर जोर देते रहेंगे। उन्होंने अग्निपथ योजना पर कहा कि ये चार साल के बाद सशक्त होंगे। साथ ही उन्होंने इसे अग्रणी बताया।

भारत में अफगान दूतावास का परिचालन बंद

नई दिल्ली

भारत में अफगान दूतावास ने कथित तौर पर अपना परिचालन बंद करने के लिए एक पत्र जारी किया है और नई दिल्ली इसकी प्रामाणिकता की जांच कर रही है। इसकी जानकारी सूत्रों ने द्वारा सामने आई है। दूतावास का नेतृत्व राजदूत फरीद मामुंडजे ने किया है और पता चला है कि वह इस समय लंदन में हैं। मामुंडजे को पिछली अशरफ गनी सरकार ने नियुक्त किया था और अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की।

क्लर्क की परीक्षा दे रहे एमबीए-इंजीनियः जयराम रमेश

नई दिल्ली

भारत में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। इसमें छिपी हुई बेरोजगारी की स्थिति तो और भी ज्यादा चिंताजनक है। दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर अपनी बातचीत के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देखा था कि बड़ी संख्या में शिक्षित युवा, जिनमें इंजीनियरिंग डिग्री वाले भी शामिल हैं, औपचारिक रोजगार पाने में असमर्थ हैं। वे मजबूरी में कुली जैसा अनिश्चित और अनौपचारिक रोजगार कर रहे हैं। संसद सदस्य और कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने अपने एक बयान में कहा है कि अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2021-22 में 25 साल से कम उम्र के 42 फीसदी ग्रेजुएट बेरोजगार थे। जनवरी 2023 में, 8,000 उम्मीदवारों ने गुजरात विश्वविद्यालय में क्लर्क के 92 पदों के लिए आवेदन किया। इनमें एमएससी और एमटेक वाले भी शामिल थे। जून 2023 में महाराष्ट्र में क्लर्क के 4,600 पदों के लिए 10.5 लाख लोगों ने आवेदन किया। इनमें एमबीए, इंजीनियर और पीएचडी होल्डर्स भी शामिल थे।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की जॉब में 31 फीसदी की गिरावटः जयराम रमेश के अनुसार, औपचारिक क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने में मोदी सरकार की घोर विफलता के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 2021-22 के आंकड़ों से पता चलता है कि औपचारिक क्षेत्र में रोजगार, 2019-20 की तुलना में 5.3 फीसदी कम हैं। इसके अलावा 2019-20 से 2021-22 तक औपचारिक क्षेत्र में रोजगार देने वालों की संख्या में भी 10.5 फीसदी की भारी गिरावट आई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी के आंकड़ों के मुताबिक, 2016-17 और मार्च 2023 के बीच मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की नौकरियों में 31 फीसदी की गिरावट आई है। जनवरी-मार्च 2023 के नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में भी 50 फीसदी से कम श्रमिक वेतनभोगी हैं। नवीनतम अखिल भारतीय पीएलएफएस डाटा, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल है, बहुत चिंताजनक है। इसके मुताबिक 2021-22 में केवल 21 फीसदी श्रमिकों के पास ही औपचारिक नौकरियां थी, जो अभी भी 23 फीसदी की महामारी-पूर्व अवधि से कम है। इसके बजाय, स्व-रोजगार और अनौपचारिक रोजगार में वृद्धि हुई है।

आर्थिक संकट के कारण निजी क्षेत्र में नौकरियां कमः

जयराम रमेश के मुताबिक, ये आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार की विनाशकारी आर्थिक नीतियों और बिना किसी प्लानिंग के किए गए लॉकडाउन ने वास्तव में शिक्षित युवाओं के लिए औपचारिक रोजगार के अवसरों को कम कर दिया है। आर्थिक संकट के कारण निजी क्षेत्र में नौकरियां कम हो रही हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को बहुत कम संख्या में मौजूद सरकारी पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। मोदी सरकार में सार्वजनिक क्षेत्र के सिकुड़ने के कारण यह स्थिति और भी बदतर होती जा रही है। अगस्त 2022 तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 9.8 लाख पद खाली थे।

पीओके खुद भारत में शामिल हो जाएगा : वीके सिंह

नई दिल्ली

गुलाम कश्मीर को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने गुरुवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि गुलाम कश्मीर खुद-ब-खुद हमारे पास वापस आ जाएगा। दरअसल, गुलाम कश्मीर की जनता महंगाई, बिजली की बढ़ी हुई दरें, खाद्य संकट इत्यादि का सामना कर रही हैं और हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद की गुहार की थी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में जिस तरह से चीजें चल रही हैं, जिस तरह से पाकिस्तान में विभिन्न ताकतें अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ी हो गई

हैं...बहुत बड़ा मंथन हो रहा है... मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पाकिस्तान द्वारा बलपूर्वक कब्जे में लिया गया क्षेत्र अपने आप हमारे पास वापस आ जाएगा। इससे पहले गोरखपुर में वीके सिंह ने इसी तरह का बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कुछ समय बाद गुलाम कश्मीर अपने आप पास आ जाएगा।

खबर संक्षेप

30 को डीएम कार्यालय पर प्रधान करेंगे घेराव

कोरांव। थाना कोराव के ग्राम पंचायत अल्हवा पर कोटेदार और उसके पुत्र द्वारा प्राण घातक हमला किए जाने की प्राथिमिकी न दर्ज किए जाने और उसकी गिरफ्तारी न किए जाने को ले कर ग्राम प्रधान संगठन क्षुब्ध है। जिसकी शिकायत प्रधान और आम जनों ने डीएम प्रयागराज नवनीत चहल तथा सीडीओ प्रयागराज गौरव कुमार से गत 11 सितंबर तथा 23 सितंबर 2023 को कोराव भ्रमण के दौरान ज्ञापन दिया गया था। किंतु अभी तक कोराव पुलिस ने 10 सितंबर 2023 की घटना को दोनो मुलजिमों में से एक छोड़ कर कोटेदार के पुत्र मात्र को धारा 151सीआरपीसी में निरुद्ध कर कार्यवाही की लेकिन प्राण घातक हमले की एफआईआर दोनो आरोपियों पर नहीं दर्ज की।

सब्जी लेने गए युवक की बाइक चोरी

मऊआइमा। सब्जी लेने गए युवक की बाइक अज्ञात चोर उडा दिए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के पुरखीपुर गांव निवासी रामचन्द्र पुत्र राम कृपाल अपनी बाइक लेकर गदियानी चौराहे पर सब्जी खरीदने गया था। बाइक खडी करके रामचन्द्र सब्जी खरीद रहा था कि पलभर में अज्ञात चोर बाइक उडा दिए। रामचन्द्र थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

जिस घर में गाय का वास होता है वहां देवता करते हैं निवास : डा. वी के सिंह

अखंड भारत संदेश

दिघलो गांव में मां गंगा गायत्री गौ शाला का हुआ लोकार्पण

मेजा। गाय की रक्षा करना प्रत्येक मानव का धर्म है। जिस घर में गाय का वास होता है, उस घर में देवताओं का निवास होता है, गाय का दूध अमृत के समान है। मगर आज हम लोग इस तरफ ध्यान नहीं देते है जो विनाश का कारण भी बनता है। हिन्दू सनातन धर्म में गाय को माता के समान माना गया है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वी के सिंह ने शुक्रवार को विकास खंड मेजा के दिघलो गाँव में निमार्णाधीन माँ गंगा गायत्री गौशाला के लोकार्पण समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि गाय का दूध तो अमृत है ही मगर गाय का गोबर व गौमूत्र से अनेक प्रकार की औषधियां बनती है जो एक संजीवनी का कार्य करती है। पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय ने कहा कि गाय जीवन भर लाभान्वित करने वाला पशु है जिसके सहारे एक परिवार अपना भरण-पोषण कर सकता है। पूर्व विधायक ने जनसमुदाय से आग्रह किया कि निराश्रित होने की दशा में गाय को यहां वहां छोड़ने या बाजार में बेचने से बचें, गाय को गौशाला में लाकर छोड़ दे, जिससे गाय के भरण पोषण की व्यवस्था ग्राम समिति के माध्यम से गौशाला में किया जा सके और गौधन सुरक्षित रहें। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने निमार्णाधीन माँ गंगा गायत्री गौशाला का लोकार्पण किया। आयोजक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्र ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने गौशाला की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि गौशाला में 4 शेड अभी तक बनाये गए हैं, जिसमें 11 सौ गो वंशों की क्षमता वाले गौशाला में सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जल संग्रहण के लिए विशाल हौज भी बनाए गए है।हालाँकि लागत के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी गई, लेकिन अनुमानित लागत एक करोड़ तक हो सकती है।कार्यक्रम का कुशल संचालन अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय, पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ला, नित्यानंद उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य देश राज सिंह, अवधेश शुक्ल, अनिल पाण्डेय, सुरेश तिवारी, संजय तिवारी, पंकज राव, राजेश पटेल, जय शंकर पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, विजय मिश्र, कन्हैया लाल शुक्ल, धर्मेन्द्र शुक्ल, राजा पाण्डेय, संतोष शुक्ला, राजेन्द्र पांडेय, पत्थन उपाध्याय, अनिल पाण्डेय, सतीश गौतम,सोनू शुक्ल, डीडीओ भोला नाथ कन्नौजिया , बीडीओ सरिता सिंह सहित भारी संख्या में बीडीसी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

छिवकी गांव मे निकला अजगर मचा हड़कंप

नैनी। नैनी क्षेत्र के छिवकी गांव मे अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। मौके पर रहे स्थानीय लोगो ने अजगर को एक ड्रम मे भरकर उसे छिवकी के बाहर छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली के छिवकी गांव मे गुरुवार देर रात जतीन कुमार के घर के सामने पांच फिट लम्बा अजगर दिखाई दिया तो हक्का बक्का रह गया। हल्ला सुनकर आस पास के लोग की भीड़ इकठ्ठा हो गया। वही लोगो ने देर रात अजगर को पकड़ कर उसे एक ड्रम मे भरकर छिवकी के बाहर जाकर झांड़ियों मे छोड़ आये।

न्यूज झरोखा

भाजपा नेता डॉ. संगम मिश्र शोक संतिप्त परिवार को ढाढस बंधाने बगहा गांव पहुंचे

मेजा। वरिष्ट भाजपा नेता एव समाज सेवी डॉ0 संगम मिश्रा ने शुक्रवार को बगहा गांव निवासी राम शिरोमणि तिवारी के पत्नी के निधन पर पहुंचकर शोक संतिप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त किया । उल्लेखनीय हैं कि विकास खण्ड उरुवा के बगहा गांव निवासी राम शिरोमणि तिवारी की पत्नी का बीते दिनों बिमारी के दौरान निधन हो गया था जिसकी जानकारी होने पर समाज सेवी एव वरिष्ट भाजपा नेता श्री मिश्र अपने सहयोगियो के साथ बगहा गांव पहुंचे और शोक संतिप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर दुःख सहन करने की प्रार्थना किया। इसके अतिरिक्त श्री मिश्र लोहारी गांव में राम अवध प्रजापति के मृत्यु पर उनके घर पहुंचे और सांत्वना दिया साथ ही साथ कई दुकानदारों से मिलकर जनसंपर्क भी किया। इस मौके पर शंकर देव त्रिपाठी, दिलीप शुक्ला, अमरेश मिश्र, एसके तिवारी, एस विक्रम त्रिपाठी, घनश्याम, लल्लन,किशन सिंह, शिव बहादुर गुप्ता, आदि के कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सीसीटीवी फुटेज के जरिए 4 शातिर वाहन चोर हिरासत में

करछना। पुलिस की बड़ी कामयाबी अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़,चार वाहन चोर गिरफ्तार ,चोरी की 8 मोटरसाइकिल बरामद यमुनानगर प्रयागराज थाना करछना पुलिस की टीम द्वारा अंतरराज्यीय गैंग के 4 वाहन चोर गिरफ्तार किये गये जिनके कब्जे से 8 अदद मोटरसाईकिलें बरामद की गई,यह गिरोह प्रयागराज के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था, अभियुक्तगण मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देते थे,तथा चोरी की गई मोटरसाइकिलों को अन्य जिलों के साथ-साथ मध्य प्रदेश में बेच देते थे।पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए उउळश कैमरों की मदद से इन चोरों की पहचान की। जिन्हे गिरफ्तार कर , विधिक कार्रवाई की गई

व्यापारी नेता के निधन पर शोक

सहसों। श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुलालपुर में शुक्रवार को हेतापट्टी गांव निवासी भाजपा नेता व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक कुमार केसरवानी के असामयिक निधन से एक शोकसभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा की अध्यक्षता एवं शोक व्रत करते हुए प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने कहा कि विगत माह अशोक कुमार केसरवानी के घर पर बीहड़ डकैती में बदमाशों ने उनके ऊपर प्राण घातक हमला किया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज शहर के एक अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनका गुरुवार की रात्रि में असामयिक निधन हो गया। वह व्यक्तित्व के धनी, कर्मठ, बेहद इमानदार और हमेशा सामाजिक कार्यों में शामिल रहते थे। ऐसे मृदुभाषी व्यक्ति के निधन से पूरा क्षेत्र स्तब्ध रहकर शोक मय है। उन्होंने कहा ऐसे दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को ईश्वर सहन करने की क्षमता प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार मिश्रा, कमलाकांत शुक्ला, एमडी मिश्रा, पी एन मिश्रा, जबर सिंह यादव, शशांक तिवारी एवं अशोक शर्मा सहित आदि लोग श्रद्धांजलि एवं शोक व्यक्त करते हुए उपस्थित रहे।

विकलांग को आवासीय योजना से किया गया वंचित

लालापुर। विकासखंड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा सोनवै में जहांअमित के पिता 80 प्रतिशत विकलांग को आवासीय योजना से वंचित कर दिया गया वहीं कुछ ऐसे लोगों को आवासीय योजना से लाभान्वित किया गया है कि जिनके पास पूर्ण पक्का मकान उपजाऊ जमीन सब कुछ है उन्हें पात्र बना दिया गया यह उच्च स्तरीय जांच का विषय बन गया है। ग्राम सभा सोनवै निवासी तेज नारायण पुत्र ओमप्रकाश का लड़का 80 प्रतिशत विकलांग है पिता ओमप्रकाश के लिए सिर्फ खेती कुछ सहारा है। ओमप्रकाश के दो लड़के थे बड़ा लड़का अमित कुमार मध्य प्रदेश पुलिस में था अचानक एक साल की सर्विस में एक्सीडेंट में मौत हो गई पत्नी दिव्या को मृतक आश्रित कोटे से अनुकंपा नियुक्ति मिल गई उसने अपना घर पक्का बना लिया उसी मकान को देखकर विकलांग तेज नारायण को आवासीय योजना से वंचित कर दिया गया। ओमप्रकाश ने मीडिया को बताया कि ग्राम प्रधान जातिगत भेद भाव के कारण ब्लाक से सत्यापन के लिए आये अधिकारियों को गलत तरीके से बताकर हमारे विकलांग कोटे को अपात्र बना दिए ये कैसा न्याय है मेरे न रहने पर इसका क्या होगा भगवान जाने।

बूथ सशक्तिकरण के लिए कार्यकर्ता हों सक्रिय- महेश चंद्र पांडे



सहसों। सुखदेव सिंह महाविद्यालय हसनपुर कसेरुआ में भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों की बूथ सशक्तीकरण अभियान के लिए काम काजी बैठक किया गया। बैठक की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि मण्डल के प्रवासी प्रभारी महेश चंद्र पांडे ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित कर वन्देमातरम गीत गाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मण्डल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी और बूथ अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मठ कार्यकताओं को बूथ सशक्तिकरण के लिए अभी से ही सक्रिय होना पड़ेगा। मंडल प्रभारी मृगेंद्र सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर वीरेंद्र बहादुर सिंह आदि ने भी उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित किया। अध्यक्षता अनिल कुमार सरोज तथा संचालन महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, विजय लक्ष्मी सिंह चंदेल, जिला संयोजक नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, भूपेन्द्र मिश्रा, सत्यम मिश्रा, शाश्वत अशोक तिवारी, रंजना सिंह परिहार, मंडल महामंत्री संजय सिंह, नरेन्द्र कुशवाहा, पुष्कर सिंह, अमन सिंह राजपूत, शिव शंकर दूबे, विमल मिश्रा, शंकर लाल, सुभाष शुक्ला, राकेश विश्वकर्मा, लवकुश बिंद, राजेश सरोज एवं प्रसिद्ध नारायण पाण्डेय सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पारस फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

प्रयागराज। पारस फाउंडेशन के सदस्यों ने मीडिया प्रभारी मधुमिता नाथ के जन्मदिन के अवसर पर स्वरूप रानी चिकित्सालय निकट स्थित बचपन डे केयर में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। बच्चे बहुत खुश हुए एवं ताली बजाकर उनका स्वागत किया। बच्चों के साथ केक करवाने के बाद खाद्य सामग्री वितरित कर उनके साथ सभी ने बैठकर जलपान किया। इसके उपरांत सरस्वती घाट के समीप रहने वाले असहाय परिवार के बच्चों को वस्त्र वितरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष तिवारी, अनिल पाण्डेय,अरुण निषाद, शुभेंद्र पांडेय, दीप द्विवेदी उपस्थित रहे। वहां उपस्थित बच्चों ने सभी को धन्यवाद दिया।

उप जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बावजूद कमेटी नहीं सौंप सकी रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

करछना। तहसील करछना स्थित ग्रामसभा सेमरी मजरा ताल का पुरवा निवासिनी चन्दो देवी पत्नी स्व. राम अभिलाष को सन 1994 में भूमि प्रबंधक समिति द्वारा आराजी संख्या 1534 रकबा 0.0800 हेक्टे. का कृषि कार्य हेतु पट्टा हुआ था। प्रार्थिनी पट्टे के समय से ही पट्टे वाली भूमि पर काबिज रहते उसपर जोतते बोते रही चली आ रही थी, जिसका नाम आज की तारीख में खतौनी में बतौर भूमिधरी दर्ज है। चार वर्ष पूर्व प्रार्थिनी के गांव के ही मिश्रीलाल पाल पुत्र छोटेलाल पाल भेड़ पालने के लिए एक विस्वा जमीन रजामंदी से लिये थे। एक वर्ष बाद प्रार्थिनी अपने पुत्र भईयन के पास रहने कलकत्ता चली गयी इसी दरम्यान विपक्षी जबरजस्ती प्रार्थिनी की जमीन पर एक माकान बनाकर पूरी जमीन आठ विस्वा कब्जा कर लिया। प्रार्थिनी पिछले सितम्बर 2022 से लगातार थाने से लेकर कमिश्नरी तक आधा दर्जन से अधिक प्रार्थना पत्र दिया किन्तु कोई सुनवाई नही हुई। प्रार्थिनी पिछले 20 सितम्बर 2023 को कार्यालय डीसीपी, यमुनानगर के समक्ष अपने शरीर पर केरोसिन आयल डालकर आत्महत्या करने के लिये जाती कि थानाध्यक्ष करछना 19 सितम्बर की रात्रि 11 बजे प्रार्थिनी को ऐसा करने से मना किया और 20 सितम्बर को थाने पर दोनों पक्षों को बुलवाया। प्रार्थिनी के साथ पूर्वांचल दलित अधिकार मंच (पदम) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज भी थाने पर थानाध्यक्ष के बुलावे पर गए। थानाध्यक्ष प्रार्थिनी के लेकर उप जिलाधिकारी करछना के समक्ष गए। एसडीएम करछना ने नायाब, कानूनगो और लेखपाल की कमेटी बनाकर तीन दिन में रिपोर्ट देने को कहा। दो दिन महामहिम राज्यपाल का प्रयागराज में कार्यक्रम और बृहस्पतिवार को मुश्लिम त्योहार की छुट्टी होने की वजह से प्रार्थिनी चंदो देवी शुक्रवार को 12 बजे थानाध्यक्ष करछना से मिली।

थानाध्यक्ष ने प्रार्थिनी के साथ एक एसआई लगाकर एसडीएम करछना के पास भेजा। एसडीएम ने कमेटी की रिपोर्ट मांगवाई तो रिपोर्ट नहीं बनी थी। एसडीएम साहब नायाब, कानूनगो और लेखपाल द्वारा प्रार्थिनी का बयान लेकर रिपोर्ट सौंपने को बोला किन्तु नतीजा ढाक के तीन पात सिद्ध हुआ। बता दे की नायाब ने तत्काल प्रार्थिनी का बयान अपने कार्यालय में करवा लिया और लेखपाल अपनी रिपोर्ट अपराह्न 4 बजे के करीब लगा पाए। कानूनगो की रिपोर्ट न लगने के कारण आज रिपोर्ट उप जिला मजिस्ट्रेट करछना के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो सकी। प्रार्थिनी निराश होकर घर लौट आयी अब सोमवार को ही पता चल पाएगा कि प्रार्थिनी की जमीन तहसील स्तर से कब मुक्त कराई जाती है।

मेजा ऊर्जा निगम में हिंदी पखवाड़े का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

मेजा। हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर 14 सितंबर से 29 सितंबर तक मेजा ऊर्जा निगम (प्रा) लिमिटेड में मानव संसाधन विभाग द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गृह मन्त्रालय, भारत सरकार के निदेर्शों के अनुसार मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने 14 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राजभाषा की शपथ दिलाकर पखवाड़े की शुरूआत की। इसके पश्चात कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की विशेष भागीदारी बहुत प्रशंसनीय रही, जिन्होने अपनी राष्ट्रीय भाषा के प्रति सम्मान और इसके प्रचार-प्रसार के प्रति समर्पण दिखाया। डॉक्यूमेंट्री मेकिंग, निबंध लेखन, प्रेरणादायक कथा वाचन, हिंदी ऑनलाइन क्विज, टर्न-कोट, और सुलेख लेखन जैसे कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सम्माननीय विजेता कर्मचारियों, महिलाओं, और बच्चों को महा-प्रबंधक (परिसाधन एवं अनुरक्षण) सरित महेश्वरी द्वारा सम्मानित किया गया और पुरस्कार भी प्रदान किये गए। पखवाड़े के समापन समारोह में मेजा ऊर्जा निगम के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य कर्मचारी, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

गंगा कछार की सरकारी चार हजार बीघा जमीन पर दबंगों का कब्जा

अखंड भारत संदेश

सत्ता पंक्ष का संरक्षण एसडीएम से शिकायत पर प्रशासन लाचार

गांव के प्रधान ने शिकायत किया तो मुकदमा लिख कर जेल भेज देने की मिली धमकी

दबंग उक्त भूमि पर परवर व सरसों की कर रहे हैं खेती

करछना। तहसील क्षेत्र के गंगा तरहार क्षेत्र की गांव में सरकारी जमीन पर भू माफिया द्वारा कब्जा करके परवल की फसल बोने की शिकायत एसडीएम करछना से की गई है। ग्राम प्रधान खजुरौल संदीप यादव ने एसडीएम को पत्र देकर बताया कि ग्राम सभा की जमीन पर लोग परवल की फसल बो दिए हैं। भूमि को पहले भी प्रशासन द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया था। करछना के रामपुर, सेमरहा, गड़ैला, खजुरौल, बबुरा, लकटहा, बसही समेत अन्य इलाकों में फैले चार हजार बीघा कछार की सरकारी भूमि पर दबंग सरसों,परवल की फसल बोकर मुनाफा कमाते हैं। खजुराहो के प्रधान संदीप यादव ने बताया कि अवैध कब्जे की जानकारी तहसील प्रशासन को की दी गई। किंतु सत्ता पंक्ष के विधायक प्रतिनिधि माफिया दूसरे लोगों से सरकारी जमीन पर अवैध खेती कराकर मोटी रकम कमा रहा है। भू माफियाओं ने सरकारी जमीन पर हरे चारे में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया। जिसके कारण चारा चरने गए जानवरों की मौत हो जा रही है। जिसे लेकर ग्राम प्रधान ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ भूमाफियाओं को हरे चारे में कीटनाशक दवा डालने के लिए मना किया। गुरुवार को करछना पुलिस ने मौके पर जाकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को मुकदमा लिखकर जेल भेजने की धमकी दी। जिसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। प्रधान संगठन ने कहा कि अगर प्रधान को फर्जी फसाया जाएगा तो हम लोग आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने करछना तहसील के ऊपर आरोप लगाया की तहसील की मिली भगत से पुलिस के संरक्षण में सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है। जिसे लेकर सत्ता पंक्ष के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है।

कार्यकर्ता ही पार्टी का मजबूत स्तंभ होता है : अश्विनी द्विवेदी

जंघई। भाजपा जंघई मंडल बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक आरडी मेमोरियल इंटर कॉलेज जंघई में शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष गंगापार अश्विनी द्विवेदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पूर्ण बहुमत के साथ हमें कमल खिलाना है नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का मजबूत स्तंभ होता है देश का कार्यकर्ता केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुआई में आगे बढ़ रहा है।बूथ सशक्तिकरण अभियान के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों को मंडल में प्रवासी के रूप में 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भेजने का कार्यक्रम है।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बनकटा, मंडल प्रभारी मनोज सिंह आचार्य, मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, विनोद पांडेय, कैलाश नाथ तिवारी, राकेश दुबे, कुशलेश दुबे, मनोज दुबे, राजा मौर्या, संजय जायसवाल, सूर्यभान भारती सहित समस्त पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी बूथ अध्यक्ष व अन्य लोग रहे मोजूद।

क्या अप्रिय घटना होती तभी एफआईआर दर्ज होती

अखंड भारत संदेश

कोरांव। ब्लॉक के अलहवा ग्राम प्रधान पर प्राण घातक हमले का मामला,डीएम,सीडीओ,डीसीपी से की जा चुकी है कारवाई की मांग, आज प्रधानों का डीएम आफिस पर घेराव में होगी कार्यवाही की मांग। ब्लादें कि प्रधान अलहवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे जो कि अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल के मंत्री और एक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामाजिक कार्य कर्ता हैं। दस सितंबर को पाल बस्ती अल्हवा में इंटर लाकिंग सड़क निर्माण कार्य करा ने के लिए गए थे जहां कोटेदार ने सड़क बनाने का विरोध किया और विकास तथा प्राशनिक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किया और लाठी ले कर कोटेदार अल्हवा पर प्रहार कर दिया जिससे प्रधान सावधानी न बरतते तो हत्या हो जाती। पुलिस ने तुरंत मौके वारदात पहुंच कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। और थाने में रखा गया। किंतु कोटेदार थाने से वापिस आ गया और उसके पुत्र मात्र को 151सीआरपीसी में चालान कर दिया। दूसरे दिन थाने से छूटते ही पुनः धमकियां देने लगा और निर्माण कार्य बाधित करने लगे किंतु राजस्व और पुलिस की टीम ने प्रधान का सहयोग किया तब निर्माण कार्य चालू हुआ। ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले ,30 सितंबर 2023 शनिवार को होने वाले विभिन्न मुद्दों को ले कर डीएम कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में उक्त प्रकरण में केस दर्ज न किए जाने को ले कर भी वार्ता की जाएगी। ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने सभी प्रधानों को प्रयागराज के कार्यक्रम में पहुंचने की अपील किया है। जिससे प्रधानों के साथ अन्याय पर कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा सके। लोगों का कथन है कि जब प्रधानों और सीनियर सिटीजन सोशल वर्करों के साथ घटना पर पुलिस गंभीर नहीं है तो अन्य मजलूमों के साथ क्या न्याय होता होगा।

खंडहर में तब्दील हो चुका है मत्स्य विभाग तराव कोरांव का ऑफिस

आवासीय भवन जर्जर स्टोर रूम में रहने को मजबूर हैं कार्यरत मछुआ, मत्स्य पालकों को नहीं मिल पा रही सुविधाएं, विभाग मौन

अखंड भारत संदेश



कोरांव। मत्स्य प्रक्षेत्र कार्यालय तराव कोरांव में जहां कभी मत्स्य निरीक्षक व मत्स्य अधिकारी बैठा करते थे और क्षेत्रीय मछुआरों व मत्स्य पालकों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराया जाता था। वह ऑफिस आज पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुका है। कार्यालय भवन व आवासीय भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, न तो छत का पता है और न दीवार ना ही फर्श देखने से पता चलता है कि काफी पुराने भवन बने थे जो अब खंडहर में तब्दील हो गए हैं। मत्स्य प्रक्षेत्र तराव कोरांव के कार्यालय पर मौजूदा समय में दो मछुआ की भी तैनाती है। जहां उनको रहने के लिए कोई भवन भी नहीं है। मछुआ लोग स्टोर रूम में रहकर अपना कार्य देख रहे हैं। ऑफिस पर कार्यरत फिशरमैन आनंद और बृजेश कुमार से बात की गई तो बताया कि कई बार हम लोगों के द्वारा लिखित व मौखिक रूप से विभागीय उच्चाधिकारियों को शिकायत कर यह अवगत कराया जा चुका है कि हम लोगों के रहने के लिए भी भवन नहीं हैं। स्टोर रूम में रहकर ऑफिस व मत्स्य प्रक्षेत्र का कार्य संभाल रहे हैं। इसके बावजूद भी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वरिष्ठ पत्रकार भगवान प्रसाद तिवारी व अहद अहमद सिद्दीकी से जब बात की गई तो यह बताया गया कि इस मत्स्य प्रक्षेत्र कार्यालय पर पहले सभी अधिकारी और कर्मचारी बैठा करते थे। स्थानीय व क्षेत्रीय मछुआरों व मत्स्य पालकों को विभाग की ओर से बाकायदा प्रशिक्षण मिलता था। मछली पालन का कार्य भी वृहद पैमाने पर होता था। लेकिन लगभग 20 वर्ष से यह कार्यालय देखरेख व सुरक्षा के अभाव में पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो गया है। स्थानीय लोगों ने खंडहर में तब्दील हो चुके कार्यालय के नवनिर्माण व संबंधित विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के बैठने तथा मत्स्य पालन कार्य को गति देने की मांग की है।

न सूचक बोर्ड न कार्यालय का नामोनिशान

मत्स्य प्रक्षेत्र तराव कोरांव का कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के ठीक सामने स्थित है। जहां की बेसकीमती जमीन पर भी लोगों की नजर लगी हुई है। ऑफिस या कार्यालय होने की जानकारी के लिए ना तो कोई सूचक बोर्ड लगाया गया है और न ही कार्यालय का नामोनिशान है। मत्स्य प्रक्षेत्र ऑफिस के ठीक सामने मेडिकल स्टोर की दुकानें संचालित हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने मत्स्य प्रक्षेत्र का यह कार्यालय है इसकी जानकारी के लिए बोर्ड लगवाए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में मत्स्य निरीक्षक शैलेंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र लिखकर कार्यालय व आफिस ध्वस्त हो जाने की जानकारी दी जा चुकी है लेकिन उच्चाधिकारियों की ओर से कार्यालय मरम्मतीकरण व ऑफिस के विस्तार व विकास के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संदर्भ में एसडीएम कोरांव अविनाश यादव से सीयूजी नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस संदर्भ में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य प्रयागराज इरफान उल्ला खान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मत्स्य परिक्षेत्र की हालत बहुत दयनीय है। यहां न तो पानी की व्यवस्था है और न ही भवन हैं। सरकार की ओर से प्रतिवर्ष लक्ष्य दे दिया जाता है। इसके हिसाब से हम लोग काम करते हैं। कई बार पत्राचार करने व एस्टीमेट बनाकर भेजने के बाद भी शासन की ओर से कार्यालय के मरम्मतीकरण व नव निर्माण के लिए मंजूरी नहीं मिल पा रही है। जिससे मत्स्य परिक्षेत्र कोरांव का कार्यालय पूरी तरह से खंडहर में ही स्थित है।

महाकुंभ 2025 : मेला प्राधिकरण की 15वीं बोर्ड की बैठक में प्रस्तावित ले आउट प्लान की दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद ने बैठक में बताया कि कुंभ मेला 2019 की बसवाट 3200 हे. में थी और 22 पांटून पुलों का निर्माण हुआ था जो महाकुंभ 2025 में 4000 हे. में मेला बसाया जाना तथा पांटून पुलों की संख्या 30 होंगे। जो गत कुंभ मेला के सापेक्ष लगभग 800 हे. अधिक है, ले आउट प्लान के अनुसार 08 अतिरिक्त पांटुन पुल बनाया जाना प्रस्तावित है

प्रयागराज। मेला अधिकारी, कुंभ मेला, विजय किरन आनंद ने सर्वप्रथम महाकुम्भ - 2025 के दृष्टिगत ले-आउट प्लान में पांटून पुलों के वृद्धि की सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु अवगत कराया की कुम्भ मेला 2019 की बसवाट 3200 हे. में की गयी थी और 22 पाण्टून पुलों का निर्माण किया गया था। परंतु महाकुम्भ 2025 लगभग 4000 हे. क्षेत्रफल पर बसाया जाना प्रस्तावित है, जो गत कुम्भ मेला के सापेक्ष लगभग 800 हे. अधिक है। लेआउट प्लान के अनुसार 08 अतिरिक्त पांटून पुल सहित कुल 30 पाण्टून पुल बनाया जाना प्रस्तावित है। इस प्रस्ताव को बोर्ड द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई तथा शीर्ष समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा इसी क्रम में टेण्टेज का प्रस्ताव भी सैद्धान्तिक सहमति हेतु बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत 25000 लोगों के लिये पब्लिक अकोमोडेशन तथा 10000 कैपेसिटी का गंगा पंडाल बनाया जाना प्रस्तावित है। सैनिटेशन प्लान के अंतर्गत 4000 लगभग 145000 टॉयलेट लगाने तथा उसकी सफाई हेतु 10000 सफाई कर्मी अबाध्य किया जाना प्रस्तावित है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के दृष्टिगत 25000 डस्टबिन, 800 सफाई गैंग तथा आईसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम भी प्रस्तावित किया गया। सभी प्रस्तावों को बोर्ड द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई तथा शीर्ष समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा। महाकुंभ 2025 को हरित कुंभ बनाने की दृष्टिगत विभागीय वन अधिकारी द्वारा महाकुंभ से पहले 150000 पेड़ लगाने का भी प्रस्ताव रखा गया। साथ ही स्थायी / अस्थायी परियोजनाओं को पीएमआइएस पोर्टल के माध्यम से अनुश्रवण हेतु पीएमआईएस पोर्टल विकसित किये जाने के लिए एजेन्सी के आबद्धीकरण तथा माघ मेला 2023-24 के पश्चात मेला क्षेत्र में 100 अदद एफ०आर०पी० टायलेट के वर्ष पर्यन्त आपरेशन एण्ड मेन्टेनेन्स के साथ स्थापित किए जाने के प्रस्तावों को भी बोर्ड द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई।

माधव ज्ञान केंद्र ने कुश्ती में झटके 6 गोल्ड मेडल

नैनी। नैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र इं. कॉलेज नैनी प्रयागराज के खिलाड़ियों ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती की चार दिवसीय प्रतियोगिताएं शारदा विहार भोपाल में संपन्न हुई ,जिसमें विद्यालय के 6 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक व 3 ने कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया कुश्ती की फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में यू 14 के बालक वर्ग में 38 किलोग्राम भार में आर. एन. यादव ने स्वर्ण पदक, 62 किलोग्राम भार में शिवाय शुक्ला ने स्वर्ण पदक, 48 किलोग्राम भार में हर्ष शुक्ला ने कांस्य पदक प्राप्त किया कअंडर 17 में 80 किलोग्राम भार वर्ग में सतीश यादव ने स्वर्ण पदक, 46 किलोग्राम भार वर्ग में शीतल मोदनवाल ने कांस्य पदक एवं 40 किलोग्राम भार वर्ग में अंकितक यादव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया क अंडर 19 के 57 किलोग्राम भार में सुशील कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया ,जबकि अंडर- 17 में जी आर में 45 किलोग्राम भार वर्ग में अंकित सिंह ने स्वर्ण पदक वविजय कुमार ने 51 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने सभी सफल छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया एवं शारीरिक शिक्षक दिग्विजय पाल एवं विजय कुमार मौर्य की सराहना की।

नंदी बोले- योगी राज में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शंकरगढ़ बाजार निवासी व्यापारी पुष्पराज केसरवानी के पुत्र शुभ केसरवानी का अपहरण कर हत्या किए जाने की घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शुक्रवार को शंकरगढ़ बाजार पहुंच कर पीड़ित व्यापारी परिवार का दुख दर्द बांटा। घटना की निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई का जहां विश्वास दिलाया, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद किए जाने का वादा किया। मंत्री ने इंस्पेक्टर शंकरगढ़ को पीड़ित परिवार के शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया को पूरा कराने का निर्देश दिया। कहा कि योगी सरकार में कानून को हाथ में लेने और व्यापारियों का उत्पीड़न करने वालों की अब खैर नहीं है। इस दौरान पीड़ित परिवार ने पूरे घटना क्रम से मंत्री नन्दी को अवगत कराया कि किस तरह से इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया।

अपहरण के बाद कर दी गई थी हत्या : परिवार वालों ने बताया कि पहले उनके 15 वर्षीय बेटे का अपहरण किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई। मंत्री के पूछने पर इंस्पेक्टर शंकरगढ़ मनोज सिंह ने बताया कि किशोर की हत्या के मामले में तीन लोग आरोपित हैं। जिनमें शंकरगढ निवासी सुखदेव, उसका भतीजा गणेश और रिश्तेदार संजय शामिल हैं। जिनमें से गणेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं सुखदेव और संजय के पैर में गोली लगी हैं, जिन्हें एसआरएन में भर्ती कराया गया है। बाजार के व्यापारियों ने पुलिस के कार्य प्रणाली की प्रशंसा की।

व्यापारियों के साथ नंदी ने की बैठक : पीड़ित परिवार से मिलने के बाद शंकरगढ़ के पुरानी बाजार में व्यापारियों के साथ मंत्री नंदी ने बैठक में व्यापारी पुष्पराज केसरवानी के पुत्र की हत्या किए जाने की निन्दा की गई। बाजार में व्यापारियों की सुरक्षा बढ़ाने एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद व शस्त्र लाइसेंस दिलाने की मांग पर मंत्री ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किए जाने और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। व्यापारी पुष्पराज के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद और शस्त्र लाइसेंस दिलाए जाने की मांग पर मंत्री नन्दी ने शासन स्तर से वार्ता कर सभी मांगों को पूरी कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में शंकरगढ़ बाजार के व्यापारी गोपालदास गुप्ता, अनूप केसरवानी, जय केसरवानी, सुधा गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, प्रकाश केसरवानी, रतन केसरवानी आदि रहे।

पूर्व विधायक राम कृपाल कोल कोरांव तहसील में बैठे अनसन पर

अखंड भारत संदेश

गरीबों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : रामकृपाल

कोरांव। कोरांव के पूर्व विधायक कांग्रेस लीडर रामकृपाल कोल तहसील कोरांव मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं जिससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। पूर्व विधायक ने कोराव तहसील और मेजा में कई वर्ष से आवंटित जमीनों के पट्टे को भू माफियाओं सरहग कास्तकारो द्वारा कब्जा न छोड़ने,सरकारी जमीनों को जबरन जोत बो कर के नस्जायेज लाभ उठाने,ग्राम प्रधानों द्वारा भूमिहीनों को पट्टे दिए जाने के प्रस्ताव को भू अतिव्हारियों के प्रलोभन में आकर लेखपालों द्वारा आवंटन न करने, अवैध कब्जे न हटाने,पुलिस द्वारा मजलूमों की एफआईआर न दर्ज करने, निदोर्षों को फंसाने,ब्लॉक और तहसीलों में व्याप्त भ्रष्ट्राचार को बंद किए जाने, पात्रों को सरकारी योजनासों का लाभ दिए जाने, श्रम विभाग द्वारा बिना सुविधा धूल्क के किसी भी गरीब श्रमिकों की श्रम अफसरों द्वारा आवेदन फार्म न पास करने आदि स्मास्यों को हल न होने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लूट खशोट घट तौली किए जाने आदि समस्याएं हल न होने तक अनिश्चित कासकिन अनशन पर बैठ गए है। पूर्व विधायक तहसील परिसर में ही दर्जनों कार्यकताओं के साथ देर रात्रि तक ठहरे रहे। एसडीएम कोराव ने उन्हें समझने की कोशिश किया किंतु विधायक ने रात्रि और दिन भर अनशन पर बैठने का ऐलान कर दिया हैं। राम कृपाल ने कहा इस सरकार में कोई गरीबों मजलूनों को सुनने वाला नहीं है। मेरे मांग के अनुरूप जब तक प्रशासन समस्याएं हल नहीं करता तब तक अनशन जारी रहेगा। और अंत में एक विशाल प्रदर्शन होगा जिसने वरिष्ठ कांग्रेस लीडर भी भाग लेंगे।

सेना ने खोला नियंत्रण कक्ष, संगम से जल-थल-नभ पर निगहबानी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। वायुसेना दिवस (8 अक्तूबर) पर होने वाले एशिया के सबसे बड़े एयर शो के लिए रिहर्सल एक अक्तूबर से आरंभ हो जाएगा। इसके लिए संगम से लगे किले के पास सेना ने नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया है। यहां से सेटेलाइट के जरिए अब जल, थल और नभ तक की हर गतिविधि पर नजर रखी जाने लगी है। एयर शो छह से आठ अक्तूबर तक होगा । अकबर के किले के पास अक्षयवट पुलिस चौकी परिसर में वायु सेना ने एयर शो के मद्देनजर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया है। इसमें वायु सेना के दो प्रशिक्षित अभियंताओं के साथ आईटी एक्सपर्ट की तैनाती कर दी गई है। वायु सेना संगमनगरी में अपने रोमांचक एरोबेटिक प्रदर्शनों के साथ लोगों का स्वागत करने के लिए तैयार है। इसके लिए एयरफोर्स की सूर्य किरण और सारंग टीमों का रिहर्सल एक अक्तूबर से आरंभ हो जाएगा। कहा जा रहा है कि यह रिहर्सल बम्हरौली एयरपोर्ट से आरंभ होगा। इससे पहले कुंभ से पहले 2018 में संगम क्षेत्र में एयर शो आयोजित किया गया था।

स्वदेशी तकनीक वाले विमान भी दिखाएंगे शौर्य : सेना की एक्सपर्ट टीम ने बृहस्पतिवार को नियंत्रण कक्ष से निगरानी शुरू कर दी। कहा जा रहा है कि पहली बार एचएलएफटी-42 को इस एयर शो में शामिल किया जाएगा। यह आधुनिक विमान मौजूदा दौर के युद्ध के लिए बेहद उपयोगी और कामयाब है। यह युद्धक विमान इलेक्ट्रानिक और इंफ्रारेड खोजी वायरलेस सिस्टम से लैस है। इस एयर शो में हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड की अगली पीढ़ी का सुपरसोनिक युद्धक प्रशिक्षण विमान व स्वदेशी तकनीक वाले लड़ाकू विमान भी शौर्य दिखाएंगे।

हेलीकॉप्टरों के जरिए आत्मनिर्भर विन्यास का प्रदर्शन : स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए 15 हेलिकॉप्टरों के जरिए आत्मनिर्भर विन्यास का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें अत्याधुनिक हल्के हेलिकॉप्टर प्रचंड के अलावा स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस, एचटीटी-40,डार्नियर लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर भी करतब दिखाएंगे। इसके अलावा लड़ाकू विमान राफेल, सुखोई, मिग, मिराज भी लोगों को रोमांचित करेंगे। इस बार वायुसेना दिवस पर छह से आठ अक्तूबर तक तीन दिन तक होने वाले एयर शो के लिए सेना ने तैयारियां तेज कर दी है।

औपचारिक परेड वायु सेना के बम्हरौली स्टेशन में होगी। जबकि वायु प्रदर्शन आयुध डिपो के नजदीक संगम क्षेत्र में किया जाएगा।

हार्ट अटैक के मरीजों की बचा सकते हैं जान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज के बेली अस्पताल में एक्सपर्ट ने सामान्य व्यक्ति पर किया डेमो

प्रयागराज। शुक्रवार को वर्ल्ड हार्ट डे है। इस मौके पर तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल में एक डेमो कराया गया है। इस डेमो के जरिए वहां आने वाले मरीजों और तीमारदारों को यह बताने का प्रयास किया गया कि रास्ते में या कहीं भी सावर्जनिक स्थल पर किसी भी मरीज को हार्ट अटैक आता है तो उसके लिए हमें क्या करना चाहिए। भागने के बचाय उसकी जान बचाई जा सकती है। अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा चौधरी के निर्देशन में आयोजित इस आयोजन में संतोष कुमार नाम के एक स्टॉफ को हार्ट अटैक का मरीज बनाया गया था। फिजिशियन डॉ. मंसूर अहमद ने हाथ से उस डेमो मरीज के हार्ट पर दबाव बनाना शुरू कर दिया इसके बाद उसकी आंखें खुलने लगी। उन्होंने बताया कि यह कोई भी सामान्य व्यक्ति आराम से कर सकता है।

पहले मरीज के जेब में खोजे हार्ट की दवा : डॉ. मंसूरअहमद ने बताया कि पुराने जो हार्ट मरीज हैं उनकी जेब में अमूमन हार्ट की एक दवा होती है ताकि जरूरत पड़ने पर उसे तत्काल दिया जा सके। यदि कसी को हार्ट अटैक आ जाता है और वह कहीं सार्वजनिक स्थल पर होता है तो सबसे पहले उसकी जेब में तलाश करें कि हार्ट की दवा रखा है या नहीं। यदि दवा रखा है तो पहले उसे दवा खिलाएं। इसके साथ ही उसके हार्ट पर दोनों हाथ रखकर जोर जोर से दबाएं। इससे मरीज को राहत मिल सकती है। डॉ. शारदा चौधरी ने कहा, आमजन में जागरूकता के दृष्टिकोण से डेमो कराया गया है। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार अखौरी, अस्पताल के मैनेजर शेखर सिंह, ई-हॉस्पिटल के मैनेजर ईशान सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूआईटी शिविर में किया गया 30 यूनिट रक्तदान

नैनी। नैनी यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूआईटी नैनी परिसर में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यूनाइटेड मेडिसिटी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित शिविर में कुल 30 यूनिट रक्तदान किया गया। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) के प्रिंसिपल डॉ. आलोक मुखर्जी ने बताया कि यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) के विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षकों, विभिन्न शाखाओं के छात्रों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानव जाति की सेवा के लिए रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये। यूनाइटेड मेडिसिटी के ब्लड बैंक के चीफ टेक्निकल ऑफिसर (सीटीओ) प्रेम एस मौर्य ने बताया कि शिविर का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे रक्तदान पखवाड़े के तहत किया गया। कहा कि शिविर में कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. रोहित पांडे ने समाज और राष्ट्र हित में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए यूनाइटेड की सराहना की। उन्होंने रक्तदान के महत्व के बारे बताया और युवाओं से रक्तदान करने के लिए आग्रह किया।

अरैल के सेल्फी पॉइंट पर दुकानदार व विसर्जन करने वालों में मारपीट

नैनी। नैनी के अरैल पक्के घाट के पास शुक्रवार को दुबे तलाब से पहुंची विसर्जन यात्रा में मौजूद श्रद्धालुओं एवं दुकानादारों मे किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसपर दुकानदारों ने लाठी डंडो से विसर्जन करने पहुंचे लोगो की पिटाई कर दी। मारपीट होता देख दोनो ओर से झगड़ा शुरू हो गया।इसीबीच लाठी डंडे से मारपीट की किसी ने वीडियो बना ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले में इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि मामूली कहासुनी हुई थी। मौके पर कोई नही मिला।

गाजे बाजे के साथ नम आंखों से विदा हुए गणपति बप्पा

अखंड भारत संदेश

नैनी के स्टेशन रोड, नैनी शंकरढाल, खुराना मार्केट, राममंदिर, दुबे तलाव, डभांव, मामा भांजा समेत दर्जनों मोहल्लों में स्थापित हुई गणेश प्रतिमा को शुक्रवार को दर्जनों डीजे व ढोल तासों के बीच श्रद्धालुओं ने नाचते गाते विदा किया और अरैल घाट पर देर रात प्रतिमाओ को विसर्जन किया

नैनी। नैनी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विराजमान हुए भगवान श्री गणेश को भक्तगणों ने बाजे गाजे के साथ नाचते गाते विदा किया। श्रद्धालुओ ने विदा करते हुए बप्पा से अगले बरस फिर से आने की कामना की। नैनी के स्टेशन रोड, नैनी शंकरढाल, खुराना मार्केट, राममंदिर, दुबे तलाव, डभांव, मामा भांजा समेत दर्जनों मोहल्ले स्थापित हुई गणेश प्रतिमा को शुक्रवार को दर्जनों डीजे व ढोल तासों के बीच श्रद्धालुओं ने नाचते गाते विदा किया। नैनी के अरैल घाट पर देर रात प्रतिमाओ को विसर्जन हुआ। जुलुस के दौरान प्रयागराज-मीरजापुर हाईवे पर जाम भी लगा रहा। इससे पूर्व गुरुवार को नैनी के खुराना मार्केट एवं राममंदिर स्टेशन रोड पर हजारों भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था। नैनी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से भक्तों ने डांस करते हुए गणपति बप्पा मोरिया दुब तलाव से पूर्णिमा गुप्ता खुशबू गुप्ता रक्षा गुप्ता रानी गुप्ता एकता गुप्ता, शंकरढाल खुराना मार्केट से समाजसेवी राजेश साहू , पप्पू कालिया सब्जी मंडी, अशोक केसरवानी पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल,धर्मराज पटेल, गुड्डू गुडविल गैरेज, सनी गुप्ता, विजय केसरवानी,आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, शेखर गुप्ता, महावीर, विनोद केसरवानी, छोटू केसरवानी, रितेश गुप्ता अभय गुप्ता,भक्तगण मौजूद थे।

पितृपक्ष के पहले दिन पूर्वजों को तर्पण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज के संगम में स्नान के बाद विधि विधान से किया श्राद्ध

प्रयागराज। शुक्रवार से पितृपक्ष आरंभ हो गया है। पहले दिन भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर बड़ी संख्या में लोग संगम के तट पर पहुंचे। यहां गंगा और यमुना में स्नान कर लोगों ने विधि विधान से अपने पूर्वजों का श्राद्ध किया। पुरोहितों को दान किया और अपने पूर्वजों की तृप्ति के लिए पूजा पाठ भी किया। लोगों ने पितरों के निमित्त गाय, कौआ और कुत्तों के लिए भोजन निकाला। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से आश्विन मास की अमावस्या तक पृतिपक्ष रहेगा। 29 सितंबर दिन शुक्रवार को स्नान दान की पूर्णिमा तथा महालय प्रारंभ हो चुका है जो 14 अक्टूबर तक रहेगी। इस दौरान अपने पितरों को प्रसन्न करने के लिए श्राद्ध करें और नियमों का पालन करें।

श्राद्ध यानी पितरों के लिए किया गया कार्य : दासानुदास ओम प्रकाश पांडेय अनिरुद्ध रामानुज दास बताते हैं कि चंद्रमा के ऊर्ध्व कक्ष में पितरलोक है जहां पितर गण निवास करते हैं। पितर लोक को आंखों से नहीं देखा जा सकता है। जीवात्मा जब से स्थूल देह से पृथक होती है उस स्थित को मृत्यु कहते हैं। यह भौतिक शरीर 27 तत्वों से बना है। स्थूल पंचमहाभूते स्थूल कर्मेन्दियों को छोड़ने पर अर्थात मृत्यु को प्राप्त हो जाने पर भी 17 तत्वों से बना हुआ सूक्ष्म शरीर विद्यमान रहता है। इसलिए हमें श्रद्धा पूर्वक अपने पितरों के लिए पितृपक्ष में दान इत्यादि करना चाहिए।

ब्राह्मण को करें दान : ओमप्रकाश पांडेय बताते हैं कि श्रद्धा शब्द से श्राद्ध शब्द की निष्पत्ति होती है। पुन्नाम नरकात जायते इति पुत्रःपुत्र पुन्नामक नरक से त्राण अर्थात जो रक्षा करता है वही पुत्र है। श्रद्धा शब्द के संबंध में मनुस्मृति वायु पद्म पुराण श्राद्ध तत्व श्राद्ध कल्पतरु आदि में विस्तृत वर्णन है। महर्षि पाराशर कहते हैं देश काल पात्र में हविष्यादि विधि द्वारा जो कर्म दर्भ अर्थात कुशा यव तथा मंत्रों से युक्त होकर श्रद्धा पूर्वक किया जाता है उसे श्राद्ध कहते हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार पितरों के उद्देश्य से ब्राह्मणों को दान दिया जाता है यानी द्रव्य भोजन वस्त्र शैय्या इत्यादि वही श्राद्ध है। पिता की मृत्यु की तिथि पर पितृपक्ष में ब्राह्मणों को दान देना चाहिए और भोजन कराना चाहिए। यदि तिथि ना मालूम हो तो अंतिम दिवस अमावस्या के दिन पिंडदान और भोजन इत्यादि करा कर ब्राह्मणों को दान दक्षिणा देनी चाहिए। जिनकी अकाल मृत्यु हुई हो उनका श्राद्ध चतुर्दशी तिथि को करना चाहिए।

मिली फांसी की सजा उम्रकैद में तब्दील

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुलंदशहर के बरारी नरसंहार के दोषी रनवीर सिंह (75) को निचली अदालत से मिली सजा-ए-मौत को उमकैद में तब्दील कर दिया है। रनवीर ने 15 साल पहले सगे छोटे भाई के परिवार के सात सदस्यों की हत्या करके उसके वंश का सफाया कर दिया था। कोर्ट ने दोषी की सजा उम्र का हवाला देते हुए घटाई, लेकिन इसे पुलिस की विवेचना और उसके पर्यवेक्षण का बेहद खराब उदाहरण भी करार दिया।इसी कारण दो आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए थे। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और एसएच रिजवी की खंडपीठ ने हत्यारे रनवीर की और से मृत्युदंड के खिलाफ दाखिल अपील पर यह फैसला सुनाया। यह नृशंस वारदात बुलंदशहर के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के बरारी गांव में 28 जुलाई 2008 की रात दो बजे सुखवीर सिंह (55) की ट्यूबवेल पर गला काटकर हत्या से शुरू हुई थी।कुछ देर बाद घर में सो रही सुखवीर की पत्नी सुरेमबाला (52), बेटे सूर्यप्रताप सिंह (26), सूर्यप्रताप की पत्नी ममता सिंह (24), दूसरे बेटे अभिषेक (25), अभिषेक की पत्नी लता (24) व सूर्यप्रताप के बेटे चीकू (02) को भी मार डाला गया। लता तब नौ माह की गर्भवती भी थी।

भारतीय सेना में शामिल हो राष्ट्र के गर्वशील रक्षक बने

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। योग्य ऊमीदवारों को भारतीय सेना में करियर चयन करने के लिए ए.आर.ओ. अमेठी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया यह एक अनोखा कार्यक्रम था जिसके द्वारा निदेशक भर्ती कार्यालय अमेठी ऊमीदवारों तक साइकल चलाकर पहुंचे यह 124 किलोमीटर की साइकल यात्रा अमेठी से प्रयागराज तक दुर्गम क्षेत्र के गांवों से होते हुए तय की गईतथा इसके दौरान 1720 छात्रों जो कि श्री रणंजय इंटर कॉलेज (थेघा), श्री चंदिका इंटर कॉलेज (संदवा चंदिका), प्रताप बहादुर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (प्रतापगढ़), ग्राम विकास इंटर कॉलेज (देलहुपुर) तथा एनसीसी कैंप, ठाकुर हर नारायणसिंह डिग्री कॉलेज (प्रयागराज) के थे उन्हें प्रोत्साहित किया क्योग्य ऊमीदवारों को गर्व तथा शौर्य के साथ राष्ट्र की सेवा करने एवं व्यक्तिगत विकास के अपार अवसरों का उत्कृष्ट भारतीय सेना में शामिल होकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया क्छात्रों को अपने करियर का पहला कदम भारतीय सेना की वेबसाइट पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त करके तथा आवेदन करने के लिए उत्प्रेरित किया।

व्यापारिक हितों पर कृषि मंत्री से भेंटकर सरकार का कराया ध्यानाकर्षण

लालगंज, प्रतापगढ़। व्यापारियों को सुरक्षा तथा हितों को लेकर सरकार से समुचित कदम उठाए जाने की एग्रो इनपुट डीलर्स एसोशिएसन ने मांग उठाई है। एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष राजकुमार मिश्र की अगुवाई में गुरूवार को एक प्रतिनिधिमण्डल ने राजधानी पहुंचकर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान व्यापारियों के हित तथा सुरक्षा व उत्पीडन से जुडे मामलों में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमण्डल ने कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही को अंगवस्त्रम तथा पुष्पगुच्छ से सम्मानित भी किया। इस मौके पर केके तिवारी, प्रभाकर पाण्डेय, बालेन्द्र भूषण सिंह व प्रमोद शुक्ला आदि रहे।

राम द्वारा धनुष को तोड़ने पर परशुराम द्वारा रुष्ट होने की कथा सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

अखंड भारत संदेश

किशोरी सदन में सात दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन

किशोरी सदन में आयोजित श्रीराम कथा में कथा कहते दिलीप कृष्ण भारद्वाज।

प्रतापगढ़। सेवाभारती, काशी प्रांत द्वारा नगर में आयोजित श्री राम कथा के सातवें एवं अंतिम दिन भी प्रभु की लीलाओं की रसधार खूब प्लावित हुई। पूज्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज द्वारा श्री राम कथा का गायन प्रारंभ हुआ।

भगवान श्री राम के द्वारा धनुष भंग किए जाने के बाद परशुराम जी का आगमन होता है। लक्ष्मण जी से परशुराम जी का रुष्ट होना एवं परशुराम जी के द्वारा राम जी के नारायण अवतार का ज्ञान होना तथा परशुराम जी द्वारा राम के हाथों अपने धनुष को देने के प्रयास में धनुष का स्वतः भगवान के हाथ में चले जाने इत्यादि का प्रसंग बहुत सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विवाह से संबंधित अनेक कथाओं का गायन किया गया। विवाह के उपरांत राम जी को भाइयों सहित कोहबर में ले जाया जाता है। मिथिला की सखियाँ कहती हैं कि अयोध्या में बच्चे खीर खाने से पैदा होते हैं। इस पर भैया लक्ष्मण कहाँ चूकने वाले थे। उन्होंने कहा कि मिथिला में बेटियाँ जमीन को खोद कर उत्पन्न की जाती हैं। सारा पंडाल हंसी के फव्वारों से गूंज उठा।

ऐसे ही अनेक प्रसंग विद्वान दिलीप कृष्ण महाराज जी द्वारा प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम संयोजक डॉ सौरभ पांडेय ने व्यास पीठ, संपूर्ण आयोजन समिति एवं उपस्थित श्री राम भक्त जन समूह के प्रति कार्य क्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। आज की कथा में शिवाकांत ओझा, लक्ष्मी शंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष, भाजपा भदोही, बाबा मिश्रा, हरिद्वार, संतोष मिश्रा, हरिद्वार, संकेत दुबे, भदोही, सुभाष, रोहित, फूलपर, मनोज ब्रह्मचारी, संयोजक सौरभ पांडेय, शिव शंकर सिंह, डॉ शक्ति कुमार पांडेय, भूपेश त्रिपाठी, शिशिर खरे, गोविंद खण्डेलवाल, गिरजा शंकर मिश्र,आशीष जयसवाल, प्रह्लाद खंडेलवाल, शकुंतला खण्डेलवाल, अनुराधा केसरवानी, साक्षी, अनामिका उपाध्याय, पूनम आहूजा, बबिता, अलका खंडेलवाल, रेणु पांडेय, अमित पांडेय, सुनील दुबे, कृष्ण कांत मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

पट्टी में जलविभाग कार्यालय पर लगा ताला, पानी के लिए मचा हाहाकार

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी नगर में इस समय जल आपूर्ति नही हो पा रही है। मोटर खराब होने से जंहा जल की आपूर्ति नही हो पा रही है वही जल विभाग के कार्यालय पर महीनों से ताला जड़ा हुआ है। कस्बे में पिछले एक महीने से पानी की आपूर्ति ठप है।

शिकायत के बाद भी जल निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जलापूर्ति ठप होने से पानी के लिए लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। ऐसे में सरकार का हर घर जल का दावा खोखला प्रतीत हो रहा है। नगर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए जल निगम की ओर से नगर के ढकवा मोड़ व दशरथपुर मोड़ बीबीपुर गांव में पानी की टंकी बनाई गई है। इसी के साथ ही चांदा रोड पर प्रताप पैलेस के निकट बोरिंग कराकर मोटर लगाई गई है। यहां से नगर के साथ ही इससे सटे गांव में सुबह शाम पेयजल आपूर्ति की जाती थी। लगभग दस दिन पूर्व जलापूर्ति ठप हो गई है। उपभोक्ताओं ने इस बारे में जल निगम कर्मियों से शिकायत की तो उनके द्वारा बताया गया कि स्टार्टर में खराबी के चलते आपूर्ति ठप हुई है। जल्द ही इसे ठीक कर आपूर्ति चालू की जाएगी। लेकिन महीने भर बीत जाने के बाद भी आपूर्ति चालू नहीं की गई। इससे उपभोक्ताओं को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जल विभाग कार्यालय में ताला लगने से चर्चा का विषय बना हुआ है।

नेहरू युवा केंद्र द्वारा शहीद स्थल कहला में चलाया गया स्वच्छता अभियान

मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत शहीद स्थल पर पहुंची अमृत कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

शहीद स्थल कहला पर मौजूद पदाधिकारीगण।

प्रतापगढ़। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आज जिले के रानीगंज तहसील अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े शहीद स्थल कहला में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों तथा ग्रामीणजनों ने शहीद स्थल पर सफाई की।

इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान के संबंध में जागरूक किया तथा कहा कि ग्रामीण भाई स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें एवं अपने आसपास सफाई कार्य का स्वच्छ वातावरण बनाने में प्रशासन का सहयोग दें। कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत शहीद स्थल कहला की मिट्टी को उपस्थित जन समुदाय ने अमृत कलश में डाला तथा कलश यात्रा निकाली गई। प्रारंभ में नेहरू युवा मंडल के अध्यक्ष श्याम नारायण पटेल ने सभी का स्वागत किया तथा स्वच्छता अभियान के संबंध में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0वी सिंह, नेहरू युवा केंद्र के विश्वजीत सिंह, अंशु गुप्ता, रणजीत सिंह यादव, ग्राम प्रधान व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

आग से गृहस्थी हुई खाक, काफी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

पट्टी, प्रतापगढ़। रात में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग जाने से गृहस्थी जलकर खाक हो गई हालांकि ग्रामीण तथा दमकल कर्मियों की मशक्कत से काफी कीमती समान बचाया गया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में बीती रात आग ने तांडव मचा दिया. पट्टी खास के रहने वाले अजीत सिंह पुत्र पृथ्वी पाल सिंह के घर में देर रात आग लग गई जिसकी वजह से गृहस्थी खाक हो गई। प्रत्यक्षदशीयों के मुताबिक रात लगभग 1बजे घर में भीषण आग लग गई. इस दौरान घर में सिर्फ अजीत का पुत्र अंश ही मौजूद था. गहरी नींद में सो रहे अंश की एकाएक नींद खुली तो घर में धुवाँ भर चुका था. हल्ला गुहार मचाने पर पास पड़ोस के लोग इकठ्ठा हुए और दमकल को फोन किया. काफी मशक्क त के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया।

सत्य नारायण गोयनका जी की 10वीं पुण्यतिथि पर सामूहिक ध्यान साधना कर दी गई श्रद्धांजलि

भिक्खुनी संघ के स्थापना दिवस पर जगमगाया आस्था के दीपमालाओं से बुद्ध विहार

अखंड भारत संदेश

सामूहिक ध्यान साधना करते उपासकगण।

प्रतापगढ़। भारत की आध्यात्मिक दर्शन व पुरातन ध्यान साधना को भारत ही नही अपितु वैश्विक स्तर पर स्थापित करने वाले विपस्सनाचार्य सत्य नारायन गोयनका जी की 10 वीं पुण्य तिथि पर उनके प्रवास व प्रेरणा द्वारा स्थापित ऐतिहासिक सुगतानन्द बुद्ध विहार में उपासको व उपासिकाओ ने वषार्वास में अष्टशील अधिष्ठान साधको व आचार्यो के सानिध्य में सामूहिक ध्यान साधना व भद्र पूर्णिमा पर दीपदान कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री राम उमरवैश्य ने जनपद में उनकी स्मृतियों को याद के करते हुए कहा कि सुगतानन्द बुद्ध विहार में ही गुरु सत्य नारायण गोयनका जी ने 1970 में चैदहंवा विपश्यना शिविर का आयोजन किया था जिसमें करीब 15 देशों के लोग शामिल हुए थे। संचालन कर रहे राकेश कनोजिया ने बताया कि जनपद में उनके1970 के प्रवास व प्रेरणा से जनपद तत्कालीन उपमुख्यमंत्री पं0 लोकपति त्रिपाठी व वर्मा देश के राष्ट्रपति ह्लऊनूह्ल द्वारा धम्म साथ-साथ सुगतानन्द बुद्ध विहार,उपालि बुद्ध विहार व महुली स्थिति बुद्ध विहार को स्थापित किये गए इस ऐतिहासिक कार्य मे अहम भूमिका निभाने वाले पूज्य भन्ते भदन्त कल्याण मित्र के पास यादें व धरोहर आज भी उनके पास संरक्षित है। विपश्यनाचार्य पूज्य गुरु जी के प्रभाव से प्रभावित भदन्त शान्ति मित्र आज उ0प्र0 सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री पद को सुशोभित कर रहे है। उपासक वेद प्रकाश ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शोभा कन्नौजिया, सुनीता चैधरी, अनीता बौद्ध, मंयक, प्रभात श्वेता, रंजू संजय बौद्ध, दिनेश कुमार, राजित राम, प्रताप बहादुर चैधरी, अखिलेश्वर प्रसाद कन्नौजिया, डॉ0 सदन लाल बाबा, राजीव कुमार, शिव चरण पटेल, प्रिया, संजय दीपशिखा, अंधुल, अंशिका, अमर बहादुर, आर0बी0मौर्य, राम स्वरूप, बसन्त लाल, ओम प्रकाश, आशुतोष आनन्द आदि लोगों ने सहभागिता किया।

चोरी की वारदात के दो आरोपी धराये

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। छत के रास्ते घर के अंदर चोरी की घटना के दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी में सोने की अंगूठी, झुमका तथा कुछ अन्य सामान बरामद होने का दावा किया है। उदयपुर थाना के मुस्तफाबाद निवासी चंद्रपाल यादव के पुत्र सुरेन्द्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह सितंबर को वह मजदूरी करने सांगीपुर गया हुआ था। घर में कोई नही था इस बीच पहले से ही घर आने जाने वाले गांव के ही बैजनाथ कोरी के पुत्र नकुल कोरी तथा मो. लतीफ के पुत्र गोविन्दा ने एक तेरह वर्षीय किशोर को छत के रास्ते उसके घर के अंदर भेजा। नकुल की जानकारी के आधार पर किशोर हिमांशु ने घर के अंदर बखार में रखे हजारों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। उदयपुर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी नकुल व गोविन्दा को धर दबोचा। आरोपियों के पास से चोरी के कुछ जेवरात पुलिस ने बरामद भी किये हैं। आरोपियों को दोपहर बाद पुलिस ने जेल भेज दिया।

झोलाछाप डॉक्टर की वजह से टेम्पू ड्राइवर की हुई मौत

प्रतापगढ़। कोहन्डौर थाना के मदाफरपुर बाजार में एक हॉस्पिटल द्वारा कल शाम कों गलत दवा देने से एक टेम्पो चालक की मौत हो गई। शाम कों हॉस्पिटल द्वारा दवा दी गई जिससे उसकी हालत नाजुक होने पर उसे प्रतापगढ़ ले जाया गया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। रात मे पुलिस ने शव कों पोस्टमार्टम के लिये भेजा। इस दौरान परिजनों ने उक्त हॉस्पिटल के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। इस दौरान अतरसंड के आक्रोषित ग्रामीण हॉस्पिटल के सामने शव रखकर प्रदर्शन कर कार्यवाही मांग करेंगे।

भाजपा सरकार में मजदूरों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहारः धनीलाल

सपा मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की किया समीक्षा

अखंड भारत संदेश

सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल।

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक समाजवादी मजदूर सभा संगठन की समीक्षा करने पहुंचे। कार्यालय पर संगठन की समीक्षा करते हुए संगठन के मौजूद पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर समाज हमेशा मजदूरी कर अपना भारण पोषण कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा की सरकार में मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी सरकार में मजदूरों को साइकिल वितरण से लेकर 5 लाख दुर्घटना बीमा का प्रावधान था जो मौजूदा सरकार समाप्त कर दी है। श्रमिक समाज का भला समाजवादी सरकार में ही हो सकता है इसलिए हम सभी समाजवादी श्रमिक समाज को एकजुट होकर जन पंचायत कर क्षेत्र में जनता एवं श्रमिक को जागरूक कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान करना होगा। इस अवसर पर मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष शिव बहादुर यादव उर्फ गुड्डू, रमा शंकर यादव पूर्व जिला जिला पंचायत सदस्य, जिला महासचिव मजदूर सभा विनोद यादव जी, राधेश्याम, संदीप, राहुल चैधरी, ढखवा चेयरमैन अशोक त्यागी, राघव यादव, ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर यादव, सूरज यादव, अजय सरोज, सुरेश यादव, फिरोज अहमद, हवलदार, अमृतलाल, मयंक यादव, राकेश यादव, महेंद्र वर्मा, मनोज, निवर्तमान अध्यक्ष लोहिया वहिनी राजू यादव, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष मनीष पाल, बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष विपिन सरोज, अवनीश बागी, सुरेंद्र यादव, शुभम, रामसुंदर यादव, राजू यादव सोखा सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

सह जिला विद्यालय निरीक्षक हुए पदोन्नत

प्रतापगढ़। शासन द्वारा सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ शिवपूजन द्विवेदी की पदोन्नति उप्र शैक्षिक(सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा समूह क में जिला विद्यालय निरीक्षक/समकक्ष स्तर पर कर दिया गया है। उनकी पदोन्नति पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ सरदार सिंह, प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह, शिवकुमार सिंह, कौशल कुमार सिंह, राजेश कुमार पाल उनको बधाई दिया।

साथी के निधन पर जताया गया शोक

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा जूनियर बार के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया। आमसभा में दिवंगत अधिवक्ता अशोक के निधन पर न्यायिक कार्य से विरत रहने के निर्णय के साथ उन्हें फुल कोर्ट रिफ्रेंस ऑनर दिया गया। आम सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। श्रद्धांजलि सभा का संयोजन उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने किया। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, शिव नारायण शुक्ल, हरिश्चंद्र पाण्डेय, आशीष तिवारी, रामलगन यादव, वीरेन्द्र सिंह, केबी सिंह, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, उमाशंकर मिश्र, अमरनाथ यादव, मो. ईसा, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, घनश्याम सरोज, प्रवीण यादव, अजय शुक्ल, प्रभाकर पाल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, अजय सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

मार्ग दुर्घटनाओं में साइकिल व मोपेड सवार घायल, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

लालगंज, प्रतापगढ़। अलग अलग सडक दुर्घटनाओं मे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। लालगंज कोतवाली के गंगाराम का पुरवा निवासी साठ वर्षीय वंशी लाल मोपेड से डीजल लेने धारूपुर पेट्रोल पम्प गया हुआ था। वापस लौटते समय सामने से जा रही बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया। आननफानन में उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। जहां जिला अस्पताल भेज दिया गया। इसी क्रम में लालगंज के हिरऊ का पुरवा निवासी चालीस वर्षीय राजेन्द्र यादव साइकिल से रिश्तेदारी जा रहा था। संग्रामगढ़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सफाई नायकों के साथ हुई महासफाई अभियान की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

अधिशाषी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को दिये निर्देश

समीक्षा बैठक में मौजूद नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी।

प्रतापगढ़। नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देश के क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत 154 घंटे का महासफाई अभियान की समीक्षा बैठक वार्ड के सफाई नायकों के साथ अधिशाषी अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक के द्वारा की गई।

इस दौरान सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों की सफाई एवं चिन्हित येलो स्पॉट की सफाई कराकर ब्यूटीफिकेशन कराया गया, जिसमें विशेष सफाई अभियान के तहत जन जागरूकता, एवम नालियों की सफाई कराया गया और लोगो को अपने आस पास गंदगी फैलाने वाले को रोकने और गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया गया।

इस मौके पर नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, ने स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर और राजेश कुमार बिंद, जेई सभापति यादव और शशांक श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद एवम नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले की पहली महिला एसओ बनीं रेखा देवी

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आधा दर्जन उपनिरीक्षको के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। बता दें कि जिले की महिला एसओ रेखा देवी कोंहड़ौर थाने की कमान संभालेंगी। मुख्यमंत्री के निदेशों के बाद महिला परामर्श सेल में तैनात रेखा देवी को कोहड़ौर थाने की दी गई कमान दी गई है। वहीं कंधई एसओ धीरेंद्र ठाकुर को लीलापुर भेजा गया तथा कोहड़ौर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार को कंधई थाने का इंचार्ज बनाया गया।

154 घंटे के विशेष अभियान में आज शहर के शौचालयों की हुई सफाई

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिका द्वारा 154 घंटे के विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों में साफ-सफाई की गई तथा किसी भी व्यक्ति को बाहर शौच न करने की हिदायत दी गई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देशन में 154 घंटे की लगातार सफाई का अभियान बखूबी चलाया जा रहा है। शुक्रवार को इस अभियान के तहत शौचालयों की सफाई का लक्ष्य रखा गया। सफाई कर्मचारियों ने सार्वजनिक शौचालय की सफाई कर बाहर एक पोस्टर चस्पा किया जिसमें बाहर पेशाब न करने की हिदायत दी गई थी। बता दें कि शासन के निर्देश पर हर जनपद में 154 घंटे की लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत नगर पालिका प्रतापगढ़ का यह अभियान तेजी से निरंतर जारी है। इस अभियान का समापन दो अक्टूबर गांधी जयंती पर किया जाएगा।

छुट्टा मवेशी से किसान रतजगा को मजबूर, प्रशासन बेखबर

शिकायत पर मिलता है आश्वासन नही होती पहल

अखंड भारत संदेश

लालगंज क्षेत्र में मौजूद छुट्टा मवेशी।

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय क्षेत्र में छुटटा मवेशियों के द्वारा फसल नुकसान के बचाव के लिए किसान रतजगा करने को मजबूर है, वहीं प्रशासन किसानों की समस्याओं के निदान की कोई पहल न करके एकदम बेखबर है।

क्षेत्र में बने गोशालाओं की दुर्दशा के साथ-साथ प्रशासनिक अमले की लापरवाही से छुटटा जानवर झुण्ड के झुण्ड खेती को नुकसान पहुंचा रहे हैं। विभागीय जिम्मेदार फसल नुकसान को लेकर जाने क्यूं आंख मूंदे बैठे हुए हैं। रामपुर संग्रामगढ़ विकास खण्ड के साथ ही सांगीपुर व लालगंज के गांवों में झुण्ड के झुण्ड आवारा मवेशी किसानों की फसल को निवाला बना रहे हैं। किसान अपनी ही आंख के सामने गाढ़ी कमाई को नष्ट होता देख खून के आंसू बहा रहा है। अधिकांश गांवों में छुट्टा मवेशीयो का झुंड फसल को नष्ट कर रहा है। इस दशा में फसल को बचाने के लिए किसान खेतों के चारों तरफ तार व रस्सी से बांध रखा है। बावजूद छुट्टा जानवर उसे भी तोड़कर खेत में प्रवेश कर जाते हैं। फसल को बचाने के लिए लोग रतजगा करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के किसान कई बार खण्ड विकास अधिकारी व एसडीएम समेत आला अफसरों से फसल सुरक्षा की गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद भी कोई निदान नही हो सका। फसल नुकसान को लेकर कोई भी कुछ भी कदम उठाने को तैयार नहीं नजर आ रहा है। शिकायत पर अधिकारी हर बार छुट्टा जानवरों को गोशाला भेजने की बात करते है,लेकिन वह कभी खरे नहीं उतरते हैं। इस संबंध में तीनो खण्ड विकास अधिकारियों का कहना है कि मवेशियों के झुण्ड में होने की जानकारी है, शीघ्र ही ऐसे मवेशियों को गोशाला भेजवाया जाएगा।

मां विंध्यवासिनी निशुल्क दर्शन यात्रा हुई रवाना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जगत जननी मां विंध्यवासिनी निशुल्क दर्शन यात्रा को आज भगवा चुंगी स्थित जनसंपर्क कार्यालय से ए एस एम ग्रुप के संस्थापक डॉ आशुतोष त्रिपाठी पूर्व प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी सदर विधानसभा द्वारा जगत जननी मा विंध्यवासिनी की ध्वजा पताका दिखाकर प्रस्थान कराया प्रस्थान के पूर्व सभी भक्त जनों ने माता विंध्यवासिनी की जय माता रानी की जय का जयकारा लगाते हुए प्रस्थान किया बस के अंदर भी सभी माता गाने माता का जयकारा लगाते हुए एवं भजन कीर्तन करते हुए प्रस्थान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश मौर्य जिला विश्वकर्मा शोभा देवी राधिका मौर्य सुमन विश्वकर्मा लालती देवी श्याम नारायण तिवारी उषा तिवारी राघवेंद्र कुमार उपाध्याय जितेंद्र कुमार मिश्रा वीरेंद्र प्रताप सिंह जयप्रकाश श्रीवास्तव किरण श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे

खबर संक्षेप

चयनित गौ-पालक को दिया जायेगा 10 हजार से 15 हजार की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र

कौशाम्बी। उ0प्र0 शासन द्वारा मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना संचालित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत गिर, साहीवाल, थारपारकर, हरियाणा एवं गंगातीरी नस्ल की गायों का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन उच्च स्तर का होने पर निर्धारित मानक के अनुसार चयनित गौ-पालकों को 10 हजार से अथवा 15 हजार की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेंगा।यह जानकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी राजेश कुमार ने देते हुए बताया कि यह योजना एक गाय के जीवन काल में केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को पुरस्कार गायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ब्यात के लिए लागू है। प्रगतिशील गौपालक को अधिकतम 2 गाय प्रति पशुपालक के लिए केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ अनुमन्य होगा। उप दुग्धशाला विकास अधिकारी ने जनपद के पशुपालकों को सूचित किया है कि इस योजना के अन्तर्गत अपना आवेदन गाय की ब्यात की तिथि से 45 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप व सम्बन्धित शासनादेश विभागीय पोर्टल पर तथा सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, दुग्धशाला विकास अधिकारी,उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी के कार्यालयों में उपलब्ध एवं अधिक जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं।

लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में तेजी से प्रगति लाने के जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकरी ने की गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार प्रतिदिन/प्रतिमाह बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी दिनों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने जिलापूति अधिकारी एवं सभी पूर्ति निरीक्षकों को कोटेदार के माध्यम से अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि पंचायत सहायकों द्वारा बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड के कार्यों की नियमित समीक्षा किया जाय तथा अपेक्षित सहयोग न करने वाले पंचायत सहायकों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक ओम त्रिपाठी ने बताया कि जनपद कौशाम्बी में अब तक 03 लाख 55 हजार 119 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें है बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुषेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तहसील सिराथू मे राधे महाराज के पुत्र के मकान संपत्ति की 11 अक्टूबर को होगी नीलामी

कौशाम्बी। उप जिला मजिस्ट्रेट सिराथू ने अवगत कराया है कि न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ द्वारा क्रिमनल अपील संख्या-276/2011 उमेश कुमार मिश्रा बनाम उ0प्र0 पारित आदेश के माध्यम से सम्बन्धित अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज निवासी-पश्चिमी कोडर (कैनी) थाना-मंझनपुर के मकान/सम्पत्ति की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर नीलामी से प्राप्त होने वाली धनराशि सरकारी कोष में जमा कराये जाने के निर्देश दियें गये हैं। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ के आदेश एवं जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी के आदेश द्वारा उन्हें नीलामी बिक्रय के लिए नीलाम अधिकारी नामित किया गया है।

उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज के मकान/सम्पत्ति की नीलामी पुनः दिनांक 11 अक्टूबर 2023 की तिथि निर्धारित की गयी हैं। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 11.10.2023 को तहसील सिराथू के सभागार कक्ष में मध्यान्ह 12 बजे उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकतें हैं।

गांधी जयंती पर गहन स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

कौशाम्बी। मा0 मुख्य न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/मुख्य संरक्षक, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर 2023 से 9 अक्टूबर, 2023 तक सम्पूर्ण प्रदेश में स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जाय, जिसमे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान शीर्षक के अधीन प्रचार-प्रसार किया जाय। समस्त विद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय तथा समस्त विद्यालयों द्वारा अपने-अपने विद्यालय की 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को दिनाक 05 अक्टूबर 2023 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाय। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा 02 अक्टूबर 2023 को अपने कार्यालय एवं सीमावर्ती परिसर में साफ-सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य सम्पादित किया जाय तथा दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को स्थानीय स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जाय। समस्त तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा 02 अक्टूबर 2023 को अपने कार्यालय एवं समीपवर्ती परिसर में साफ-सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य सम्पादित किया जाय तथा दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को स्थानीय स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन भी किया जाय।

दुर्घटना करने वाले वाहन को हिरासत में लेने का प्रयास कोतवाल को पड़ा महंगा

अखंड भारत संदेश

नए कोतवाल के कार्यकाल में फिर दखलअंदाजी करने वाले लोगों का थाने में वर्चस्व होगा आम जनता परेशान होगी न्याय बिकेगा और अपराधी मौज करेंगे

कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के एक स्कूल के वाहन से दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति के परिजन स्कूल पहुंचे थे जहां स्कूल संचालित और घायल व्यक्ति के परिजनों से नोक झोंक हुई थी घायल व्यक्ति के परिजनों की तहरीर पर करारी कोतवाल स्कूल पहुंचे और दुर्घटना करने वाले वाहन को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया जिसका विरोध स्कूल संचालिका के पति ने किया और स्कूल संचालिका का पति तैश में आकर कोतवाल से भीड़ गया जिस पर कोतवाल ने उसे दो चार तमाचे जड़ दिए स्कूल संचालिका के पति की दबंगई के चलते दुर्घटना करने वाले वाहन को करारी पुलिस अपने कब्जे में नहीं ले सकी दुर्घटना करने वाले चालक को भी पुलिस हिरासत में नहीं ले सकी इसी मामले की शिकायत अधिकारियों से हुई करारी थाने में बीते कई वर्षों से कुछ लोग पूरे दिन दखलअंदाजी करते हैं जब उनकी दखलअंदाजी में कोतवाल रोड़ा बन जाते हैं तो यही दखलंदाजी करने वाले लोग रणनीति बनाकर कोतवाल को हटाने की साजिश रचने लगते हैं बीते कई वर्षों से करारी थाना में बेवजह दखलंदाजी करने वाले लोग एक बार फिर अपने मंसूबे में सफल हो गए हैं पुलिस के कार्यो में दखलंदाजी करने वाले लोगों को करारी कोतवाल पसंद नहीं करते थे और उन्हें कड़े शब्दों में हिदायत देते हुए उनके नाजायज बातों को मानने से कोतवाल ने इनकार कर दिया था इसी खुन्नस के चलते थाने के कार्यों में दखलंदाजी करने वाले लोगो ने साजिश रचना शुरू कर दिया और साजिश में एक बार वह फिर सफल हो गए हैं कोतवाल को थाना से हटाए जाने के बाद नए कोतवाल के कार्यकाल में फिर दखलअंदाजी करने वाले लोगों का थाने में वर्चस्व होगा आम जनता परेशान होगी न्याय बिकेगा और अपराधी मौज करेंगे

घायल बालक को कैसे मिलेगा न्याय

कौशांबी करारी थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव का 8 वर्षीय बालक आकाश कुमार को स्कूल वाहन ने टक्कर मार दिया था जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया स्कूल वाहन की पहचान मौके पर मौजूद दर्जनों लोगों ने की और इस बात की पुष्टि ग्रामीणों ने की कि दुर्घटना करने वाला वाहन ए डी पब्लिक स्कूल का है लोगों ने बताया कि ए डी पब्लिक स्कूल के वाहन की टक्कर से बालक घायल हुआ है पुलिस इस वाहन को कब्जे में लेना चाहती थी लेकिन वाहन कब्जे में लेने का प्रयास करने वाले कोतवाल को कोतवाली गवानी पड़ी है अब नए कोतवाल स्कूल संचालिका के दबंगई के आगे कैसे दुर्घटना करने वाले उनके वाहन को कब्जे में ले सकेंगे और घायल बालक को कैसे न्याय मिलेगा।

अधिकारियों से शिकायत करने से बौखलाए रोजगार सेवक ने दी धमकी

करारी कौशांबी मंझनपुर तहसील के क्षेत्र के तियरा जमालपुर गांव में शुक्रवार 29 सितंबर को ग्राम चौपाल के आयोजन में तमाम अधिकारी उपस्थित थे गांव के भरत लाल पुत्र मथुरा पासी ने रोजगार सेवक कमलेश कुमार यादव की शिकायत अधिकारियों से की उसने बताया कि जॉब कार्ड रोजगार सेवक कमलेश यादव अपने पास रखा है उसे नहीं दे रहा है जिससे उसे रोजगार नहीं मिल रहा है अधिकारियों ने जॉब कार्ड वापस करने का निर्देश रोजगार सेवक को दिया लेकिन उसने फिर भी जॉब कार्ड नहीं दिया और जैसे ही ग्रान चौपाल से अधिकारी चले गए रोजगार सेवक शिकायतकर्ता भारत लाल के घर पहुंचा और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित भारत लाल का कहना है कि बीच बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी से भी गाली गलौज अभद्रता और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया गया है भारत लाल ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर शासनादेशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के डीएम ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियन्त्रण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुषेन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक व दस्तक अभियान दिनांक 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोंगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियन्त्रण तथा त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा ने बताया कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा कार्य किया जाना है। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार केसेज की निगरानी (सर्विलान्स)। फ्रन्ट लाइन वर्कर्स द्वारा ई-कवच पोर्टल पर डिजिटली अपलोड की गई लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची में रोगियों के लक्षण के अनुसार रोगों की जॉच की व्यवस्था। वाहक नियंत्रण गतिविधियॉ-ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक के घनत्व का आंकलन, स्त्रोतों में कमी, लावारोधी गतिविधियॉ तथा आवश्यकता अनुसार फॉगिंग आदि कार्यवाही की जायेंगी। दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टरजनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में प्रचार-प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियॉ की जायेंगी। इसी प्रकार नगर विकास विभाग द्वारा-नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करना। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, नालियों/कचरों की सफाई करवाना। शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना एवं सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाया जाना आदि कार्यवाही की जायेंगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुषेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

न्याय के लिए पुलिस चौखट में दौड़ रही विवाहिता नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

शादी के बहाने लड़की के पिता से लाखो रुपए के जेवरात और सामान ठगने में सफल हुए ससुरालीजन

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र की औधन गांव की आरती केसरवानी की शादी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में हुई थी लेकिन आरती की शादी के बाद ससुरालीजनो द्वारा उसके साथ मारपीट गाली गलौज प्रताड़ना आए दिन भूखा रखना कमरे में बंद कर देना ससुरालियों की आए दिन की दिनचर्या में शामिल हो गया था विवाहिता के साथ प्रताड़ना के पीछे उसके पति का भाभी प्रेम उभर कर सामने आया है विवाहिता के विरोध के चलते विवाहिता को पेट्रोल डालकर जलाने का भी प्रयास किया जा चुका है विवाहिता के साथ मारपीट कर उसके सोने के जेवरात नगद रुपए बर्तन कपड़ा बिस्तर फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि सब कुछ छीनकर विवाहिता को ससुराल से धक्का मार कर भगा दिया गया बिरादरी के बीच में पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल के लोग अपने गुनाह को मानने को तैयार नहीं हुए मामला पुलिस चौखट पर पहुँचा चार दिन पहले पिपरी कोतवाली पुलिस को विवाहिता के पिता ने तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया जिस पर मामले की शिकायत क्षेत्राधिकारी चायल कार्यालय में भी हुई है क्षेत्राधिकारी चायल कार्यालय से थाना पुलिस को निर्देश दिए जाने के बाद भी विवाहिता के साथ अत्याचार जुल्म ज्यादती का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी थाना पुलिस ने नहीं की है न्याय पाने के लिए विवाहिता पुलिस की चौखट पर दौड़ रही है।

ठेकेदार की पत्नी की आत्महत्या करने की सूचना से मचा हड़कम्प

कौशांबी। सैनी क्षेत्र अंतर्गत सैनी में एक सप्ताह से किराए पर रह रही महिला ने शुक्रवार को 1090 पर फोन कर आत्महत्या करने की सूचना दी सूचना मिलने पर तत्काल पी0आर0वी0 व सैनी थाना की पुलिस व महिला आरक्षी ग्राम सैनी मौके पर पहुंचकर जांच किया तो मालूम हुआ कि सैनी में एक सप्ताह से किराये के मकान पर रह रही महिला सृष्टि दूबे पत्नी प्रतोष दूबे निवासी ग्राम हसौली थाना जमालपुर जनपद मिजार्पुर जिनके द्वारा आत्महत्या करने की सूचना 1090 पर दिया गया था। महिला उपरोक्त द्वारा पूर्व की घटनाओं से आहत होकर अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या करने को लेकर 1090 पर फोन कर सूचना दिया, महिला सृष्टि दुबे को महिला कर्मचारी द्वारा थाने ले आकर काउंसलिंग किया गया काउंसलिंग के बाद महिला का पति प्रतोष दूबे पुत्र त्रिभुवन नाथ दूबे के मोबाइल नंबर 7275610382 जो थाना स्थानीय पर ठेकेदारी का कार्य करता है, को हिदायत देते हुए महिला को सुपुर्द किया।

रामभद्राचार्य की उपस्थिति में श्रीमद्भागवत कथा का किया गया ध्वज पूजन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। चरवा नगर पंचायत के बरम बाबा स्थान पर 15 से 23 अक्टूबर तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ भव्य होगा। 29 सितम्बर को 151 ब्राह्मणों की वेदध्वनि व शंखनाद के बीच कार्ष्णि पीठाधीश्वर गुरुशरणानंद महराज ने ध्वज पूजन से किया। कथा शुभारम्भ 15 अक्टूबर को गुरुशरणानंद महराज के अलावा चित्रकूट स्थिति तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज अयोध्या राम मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि महाराज, काशी से महामण्डलेश्वर संतोष दास महाराज (सतुआ बाबा) समेत अनेक साधु सन्त आयोजन को भव्यता प्रदान करेंगे। 23 अक्टूबर तक अपराह्न तीन बजे से सायं छः बजे तक श्रीमद्भागवत कथा होगी। श्रीधाम वृन्दावन के सद्गुरु श्रीमज्जगद्गुरु द्वाराचार्य मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास महराज व्यास पीठ पर विराजेगें। शाम सात बजे से रात दस बजे तक राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित श्रीराम शर्मा की अगुवाई में रासलीला की जाएगी। धनंजय दास महाराज ने महापुरुषों के सानिध्य में कथा सत्संग को दुर्लभ संयोग बताया श्रीमद्भागवत कथा चरवा समेत कौशाम्बी जिला के लिए गौरव की बात है।

न्यूज झरोखा

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अन्नप्राशन कार्य क्रम का आयोजन

अझुवा कौशांबी सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत 1 से 30 सितंबर तक प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और जिला स्तर पर पोषण माह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है उसी के परिप्रेक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने नगर पंचायत दारा नगर कड़ा धाम म्योहरा में आयोजित कार्यक्रम में अन्नप्राशन एवम गर्भवती महिलाओं को पोषाहार प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तार से बखान किया है उन्होंने बताया प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग को दिव्यांग,कुपोषण को पोषण,अभी संसद में एक विधेयक लागू हुआ जिसे नारी वंदन विधेयक नाम दिया गया इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में जन्मे तमाम बच्चो का अन्नप्राशन किया । इस कार्यक्रम में पोषण अभियान और पोषण माह का महत्व बताते हुए बताया गया कि अन्नप्राशन संस्कार छठे या सातवें माह में किया जाता है छठे या सातवें माह के बाद शिशु को मां के दूध के साथ बेहतर पोषण के लिए ऊपरी आहार देना शुरू किया जाता है।6 माह तक शिशु को केवल मां का दूध दिया जाता है 6 माह पश्चात शिशु का विकास तेज गति से होता है और उसे अधिक पोषण की आवश्यकता होती है इसलिए शिष्य को ऊपरी आहार देना जरूरी होता है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने तमाम गर्भवती महिलाओं को पोषाहार प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है इस मौके पर उपमुखमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मीडिया प्रभारी भोले शंकर कुशवाहा, भारतीय जनता पार्टी के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता, महिलाएं किशोरियां,आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका मौजूद रहे हैं

इमरान हैदर रिजवी बनाए गए रालोद के प्रदेश महासचिव

कौशाम्बी। राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव तथा किसान संदेश अभियान के प्रभारी इमरान हैदर रिजवी को प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी रामाशीष राय की सहमति से रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी ने पार्टी के प्रदेश महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है रिजवी पार्टी के पुराने नेता तथा संघर्षशील नेता माने जाते हैं जो लगभग 22 वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं इमरान हैदर रिजवी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने से पार्टी जनों एवं साथियों में खुशी की लहर है। इमरान हैदर रिजवी ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद अर्पित किया है।इस मौके पर नजमुल हसन रिजवी, राजेश सिंह, चमन मियां, फहीम खान, राम प्रकाश गौतम, अब्दुल कवि, वासुदेव यादव, इंदल प्रसाद मौर्य, अशरफ हुसैन, राकेश चौरसिया, एहसान हैदर रिजवी, जगलाल कोरी, गुलाम गौस, कमलेश पांडे, गुलाम सिब्तैन आदि लोगों ने बधाई दी।

अज्ञात वाहन ने दो पहिया को मारी टक्कर

कौशाम्बी। कोखराज थाना अंतर्गत टोलप्लाजा के पास बाइक सवार को किसी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनो लोग घायल हो गए। बाइक सवारों को घायल देख किसी राहगीर ने एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कोखराज पुलिस और 108 एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस में बैठाकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज पहुचाया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसकी सूचना घर वालों को दे दी गयी है। घायलों में मुलायम सिंह और कमल सिंह थे, ये दोनों प्रयागराज के रहने वाले थे। यह कड़ा धाम से स्नान करके वापस प्रयागराज अपने घर जा रहे थे।

शौच करने गया बालक तालाब में डूबा मौत

अखंड भारत संदेश

शौच के वक्त अचानक लाइलाज बीमारी मिर्गी आ जाने से छोटी तलरी में गिर गया बालक

कोखराज कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव का बालक लइलाज बीमारी मिर्गी से ग्रसित था शुक्रवार की सुबह लगभग 8:00 बजे बालक गांव के बाहर झुरहा तालाब तलरी के पास शौच करने गया था इसी बीच बालक अचानक तालाब में गिर गया है जिससे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है परिवार के लोग मौके पर रोते बिलखते पहुंच गए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और बालक के शव को तालाब से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव निवासी सन्दीप कुमार पासी उम्र 17 वर्ष पुत्र छोटू पासी शुक्रवार की सुबह घर से शौच क्रिया करने गांव के बाहर झुरहा तालाब तलरी की ओर गया था अचानक लाइलाज बीमारी मिर्गी आ जाने से छोटी तलरी में बालक गिर गया लोगों को जानकारी मिली तो हो हल्ला मचाया मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना परिवार को मिली तो परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों के सहयोग से तालाब से बालक को बाहर निकल गया तब तक देर हो चुकी थी बालक की मौत हो गयी ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों ने बताया कि लगातार मिर्गी आ रही थी जिसकी दवा चल रही थी लेकिन कोई आराम नही था और तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई है।

जलालपुर बोरियों में सीडीओ ने सुनी ग्रामवासियों की समस्यायें

कौशाम्बी। सीडीओ डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत-जलालपुर बोरियों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं का सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। चौपाल में उपस्थित ग्रामवासियों को राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना गया, प्रमुखतः वृद्धावस्था पेंशन व राशन कार्ड से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से वृद्धावस्था पेंशन से सम्बन्धित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी के उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालपुर बोरियों के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अध्यापक उपस्थित पाये गये। पठन-पाठन ठीक पाया गया। विद्यालय परिसर में बने बालक-बालिका का शौचालय एवं हैण्डवास की टोटी खराब स्थिति में पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी रामकृत व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि शौचालय व हैण्डवास को एक सप्ताह के अन्दर ठीक कराया जाय, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेंगी ग्राम चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत पशुचिकित्साधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय पोषण माह का किया गया आयोजन

विनीता त्रिवेदी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को कराया अन्नप्राशन

कौशाम्बी। पोषण अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन विकास भवन स्थित सरस हाल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी की पत्नी श्रीमती विनीता त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी, मूरतगंज श्रीमती रेनू वर्मा द्वारा पोषण माह से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों एवं मेरा माटी-मेरा देश कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा 10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा 20 सैम बच्चों, जो कुपोषण को मात देकर स्वस्थ हो गए हैं, उन्हें खिलौना देकर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, बाल विकास परियोजना अधिकारी मंझनपुर सुशील कुमार एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी चायल श्रीमती मीरा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संपादक की कलम से

कनाडा जाना बंद करें बच्चे, होश आ जाएगी ट्रूडो को

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जिस बेशर्मी से अपने देश के खालिस्तानी आंदोलनकारियों को समर्थन देना शुरू किया है उससे दोनों देशों के संबंध तार-तार जैसे हो गए हैं। भारत-कनाडा संबंधों को मजबूती देने का काम तो भारत से हर साल वहां पर पढ़ने के लिए जाने वाले हजारों-लाखों नौजवान करते रहे हैं। जाहिर है, भारत का आमजन कनाडा के प्रधानमंत्री के रुख से बहुत खिन्न है। भारत ने अपने कुटनीतिक जवाब में कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा देने पर रोक लगा दी है। दूसरी ओर जो भारतीय छात्र कनाडा जाकर पढ़ना चाहते थे, वो अब ऐसा करने से स्वयं बच रहे हैं। इसकी वजह से भी दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हुआ है। विदेश में पढ़ने जाने के लिए मदद करने वाली एक कंसल्टेंट कंपनी का कहना है कि इसी वर्ष हमारे पास 65 ऐसे छात्र आए थे, जो कनाडा पढ़ने जाना चाहते थेक लेकिन, अब उन्होंने अपना फैसला बदल लिया है। इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि भारत से हरेक साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में क्यों चले जाते हैं? यह सवाल कनाडा में जो भारत को लेकर हो रहा है उस रोशनी में पूछ जाना चाहिए। वहां जो कुछ भी घटित हो रहा है उससे पहले ही भारतीयों के साथ हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय अपनी एडवाइजरी जारी कर चुका है। विदेश मंत्रालय भारत में कनाडा के उच्चायोग से इन घटनाओं को कनाडा के अधिकारियों के साथ उठाने व उनकी सही जांच करवाने के लिए भी कई बार कह चुका है। यह भी सच है कि कनाडा में घृणा अपराधों, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाओं में तो निश्चित रूप से वृद्धि हुई है। भारत के लाख कहने के बावजूद कनाडा सरकार वहां पर जा बसे, या रह रहे भारतीयों को सुरक्षा प्रदान नहीं करवा पा रही है। कनाडा में अब भी हजारों या यूँ कहिये कि लाखों भारतीय नौजवान पढ़ रहे हैं। अब उन्हें अपने भविष्य की चिंता सता रही है। उपलब्ध आकड़ों के अनुसार साल 2018-19 के दौरान ही 6.20 लाख विद्यार्थी पढ़ने के लिए देश से बाहर गए थे। ये आंकड़े मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने ही जारी किए थे। ये अधिकतर स्नातक की डिग्री लेने के लिए ही कनाडा या किसी अन्य देश का रुख करते हैं। स्नातकोत्तर की डिग्री लेने के लिए बाहर जाने वाले अपेक्षाकृत कम ही होते हैं। पर मूल बात यह है कि हर साल इन विद्?ार्थियों के अन्य देशों में जाने के कारण देश की अमूल्य विदेशी मुद्रा भी देश के बाहर चली जाती है। इन लाखों विद्यार्थियों के लिए देश को अरबों रुपया अन्य देशों को देना पड़ता है वह भी विदेशी मुद्रा में। अगर कोई विद्यार्थी वास्तव में किसी खास शोध आदि के लिए अमेरिका की एमआईटी या कोलोरोडो जैसे विश्वविद्लायों में दाखिला लेता है तो कोई बुराई भी नहीं है। आखिर अमेरिका के कुछ विश्व विद्लाय अपनी श्रेष्ठ फैक्ल्टी और दूसरी सुविधाओं के चलते सच में बहुत बेहतर हैं। यही बात ब्रिटेन के आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे विश्वविद्लायों के संबंध में भी कही जा सकती हैं। इनमें बहुत से अध्यापक नोबेल पुरस्कार विजेता तक हैं। इसलिए इनमें दाखिला लेने में तो कोई बुराई नहीं हैं। लेकिन अगर हमारे बच्चे होटल मैनेजमेंट या एमबीए या सामान्य स्नातक डिग्री जैसे कोर्सज के लिए कनाडा, यूक्रेन और चीन जाएं तो बात गले से नहीं उतरती। सच पूछा जाए जाए तो इसका कोई ठोस कारण भी समझ नहीं आता। फिर यह भी एक तथ्य है कि विदेशों में पढ़ाई के लिए जाने वाले बच्चों को अनेक अवसरों पर घोर कष्ट भी होता है। उन्हें कई बार विदेशी विश्वविद्लाय सब्जबाग दिखा कर अपने पास बुला लेते हैं। जब हमारे बच्चे विदेशों में जाते हैं, तो उन्हें कड़वी हकीकत दिखाई देती है। हालांकि तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इन बच्चों के अभिभावकों ने भी एजुकेशन लोन के नाम पर बहुत मोटा लोन ले लिया होता है जिसे उन्हें दो दशक तक चुकाते रहना पड़ता है ।

खाद्य बबार्दी पर जल्द नियंत्रण बेहद आवश्यक

पृथ्वी पर प्रत्येक सजीव को जीवित रहने के लिए आवश्यक ऊर्जा भोजन द्वारा प्राप्त होती है, बिना भोजन के ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह सकते, परन्तु सभी जीवो में केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो अपनी जरूरत पूरी होते ही भोजन को महत्वहीन समझकर व्यर्थ कर देता है। मनुष्य के पास खाद्य सामग्री के रूप में स्वाद अनुसार चयन के लिए विविध व्यंजन का विकल्प है, जिसका वह अपने हिसाब से उपभोग करता है। दुनिया में भारत ऐसा देश है, जहां खाद्य बबार्दी और भूख दोनों बड़ी मात्रा में मौजूद है। हमारे यहां सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम अनाज का मोल केवल पैसे से लगाते हैं, जो संपन्न लोग है, वे अपने पसंद अनुरूप भोजन पर ज्यादा खर्च करते हैं, तो दूसरी तरफ कुपोषितों को पौष्टिक खाना तो दूर, भर पेट अन्न तक नहीं मिलता। भूख सबकी साधारण एक जैसी होती है, फिर भी अनाज का इतना ज्यादा अपव्यय बेहद दुखद है।

धरती पर भोजन का दर्जा भगवान के समतुल्य मानकर दुनिया के हर धर्म में विशेष सन्मान दिया है। भोजन का पहला भोग ईश्वर को लगाते हैं, फिर हम भोजन ग्रहण करते है। किसान फसल बुआई से पहले और फसल कटाई पर ईश्वर और प्रकृति को धन्यवाद स्वरूप त्यौहार मनाते है। हमारे समाज में अन्नदान को सर्वोपरि माना गया है। जीवन देनेवाले भोजन को हम जरूरत के बाद अगर कचरे में फेंक देते हैं तो हमारे लिए यह बहुत ही शर्मनाक बात हैं, भोजन प्रकृति द्वारा मनुष्य की कड़ी मेहनत से प्राप्त होता है, इसका मोल उसकी कीमत से परे समझना बहुत जरूरी है। पहले अभिभावक अनाज के हर एक दाने का मोल समझें, फिर अपने बच्चों को भी इसकी अहमियत समझाएं।

अनाज को उगाने से लेकर हमारी थाली तक पहुंचाने में अनेक लोगों का संघर्ष जुड़ा होता है, किसान अनाज को उगाने के लिए दिन-रात खेत में मेहनत करता है, अनेक बार प्राकृतिक आपदा और आर्थिक संकट से किसान जूझता है, इतनी मेहनत के बावजूद भी बहुत बार उनके अनाज को मंडी में योग्य दाम नहीं मिलता। मंडियों में संग्रहण हेतु गोदामों के कमी के चलते अनाज खुले में रखने को मजबूर होते है, बारिश और खराब मौसम से ऐसा अनाज भीगकर सड़ता है। गोदाम के उचित रखरखाव की कमी के कारण हर साल सैकड़ों टन अनाज चूहे खा जाते है, संघर्ष करते हुए अनेक किसान हताश होकर आत्महत्या करते हैं, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में किसानों की आत्महत्याएं ज्यादा दर्ज होती है। हाल ही में संभागीय आयुक्त विभाग की जारी रिपोर्ट अनुसार, मराठवाड़ा क्षेत्र में 1 जनवरी 2023 से 31 अगस्त 2023 के बीच 685 किसानों ने आत्महत्या की है, जो हमारे आधुनिक एवं उन्नत कहलाने वाले समाज के लिए बेहद शर्मनाक और चिंताजनक बात है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अनुसार, भारत देश में खाने से पहले ही एक-तिहाई अनाज बर्बाद हो जाता है। यूएनईपी खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021 बताती है कि, भारत में घरेलू भोजन की बबार्दी हर दिन 137 ग्राम खाना, सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम है। खाद्य और कृषि संगठन के अनुमानित आंकड़े अनुसार, भारत में 40% खाना बर्बाद हो जाता है जो एक साल में 92,000 करोड़ रुपये के बराबर होता है, 30 प्रतिशत सब्जियां और फल कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण समाप्त हो जाते है। जब हम भोजन बर्बाद करते हैं, तो हम उसे उगाने, फसल काटने, परिवहन करने और पैकेज करने में लगने वाली सारी ऊर्जा, पानी, श्रम, प्रयास, निवेश और बहुमूल्य संसाधनों को भी बर्बाद कर देते हैं। सीमित संसाधनों का अनावश्यक विनाश होता है, जिससे ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021, दशार्ती हैं कि, 61% खाद्य अपशिष्ट घरों से, 26% खाद्य सेवा से और 13% खुदरा से आता है। दुनिया भर में किसी भी अन्य देश की तुलना में चीन और भारत हर साल अनुमानित 92 मिलियन और 69 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक घरेलू खाद्य अपशिष्ट पैदा करते हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने खुलासा किया था कि पांच वर्षों के दौरान (2016 - 2020) केंद्रीय अन्न भंडार में 25,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न बर्बाद हो गया। लोकसभा में अपने लिखित जवाब में यह भी बताया था कि मार्च 2020 से दिसंबर 2021 के बीच लगभग 3,500 मीट्रिक टन अनाज बर्बाद हो गया। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 में भारत 121 देशों में से 107वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति, 2022 रिपोर्ट के अनुसार, 224.3 मिलियन लोग या भारत की 16 प्रतिशत आबादी अल्पपोषित है, जिनमें से 53 प्रतिशत कुपोषित हैं। सभी के लिए पर्याप्त भोजन होने के बावजूद दुनिया में, 690 मिलियन लोग भूखे सोते हैं, जिनमें भारत के 189.2 मिलियन लोग शामिल हैं। 2019-20 में भारत में 69 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण कुपोषण है।

कुछ दिन पहले मैंने देश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के भोजनगृह में भोजन करने के लिए भेट दी, वहां विद्यार्थियों के साथ मैं भोजन कर रहा था, भोजन होने के बाद मैं अपनी थाली उठाकर जब आगे बढ़ा तो मैं सामने का नजारा देखकर स्तब्ध रह गया, अनेक विद्यार्थियों ने थाली भरकर भोजन तो लिया लेकिन स्वाद पसंद ना आने के कारण या किसी अन्य कारण से उन्होंने अपनी थालिया वैसी ही अन्न से भरी हुई छोड़ दी थी, जब मैंने वहां के कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि ऐसा नजारा रोज देखने को मिलता है, जो बहुत ही दुखद है। देश के कोने-कोने से विद्यार्थी पढ़ते आते हैं, सबकी अपनी पसंद और अलग-अलग व्यंजन, स्वाद होता है, परंतु थाली में भोजन लेकर रोज-रोज उसे ऐसा बर्बाद करना कौन-सी शिक्षा हमें सिखाती है? अनाज की असली कीमत केवल एक मेहनतकश इंसान ही समझ सकता है, जिसने भूख की तकलीफ को समझा है, जिया है, वर्ना आज तो कहने को बड़ी-बड़ी बातें सभी करते हैं लेकिन दूसरे तरफ वही लोग घर, समारोह में खाद्य बबार्दी करते नजर आते हैं। भारतीय समारोह में तो खाद्य बबार्दी जगजाहिर है, आखिर कब सुधरेंगे हम? खाना मुफ्त का हो या खरीदा हुआ, हमें अपनी भूख के हिसाब से ही थाली में थोड़ा-थोड़ा भोजन लेना चाहिए, जरूरत के अनुसार ही उपभोग होना चाहिए।

खाद्य बबार्दी को अगर अपराध मानकर जिम्मेदार व्यक्ति से भारी जुमार्ना वसूला जाएं तो शायद देश में एक महीने के अंदर ही खाद्य बबार्दी पूरी तरह से नियंत्रित हो जाएगी और देश में अरबों रुपयों की बचत होकर अधिक मात्रा में विकास हो सकता है, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी, भुखमरी कम होकर समृद्धता बढ़ेगी। समाज के सभी वर्गों को भरपेट अनाज मिलेगा, बीमारियां, महंगाई कम होंगी, देश आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय रूप से संतुलित होगा। घर, ऑफिस, होटल, रेस्टारेंट, कार्यक्रम, सामूहिक समारोह, संस्थान, भोजनालय, ढाबे, कैफे दुकान, मॉल, गोदाम, कोल्ड-स्टोरेज अर्थात हर वो जगह जहां खाद्य सामग्री हो, चाहे निजी हो या सरकारी विभाग, खाद्य बबार्दी पर जिम्मेदार व्यक्ति पर दंड वसूला जाए तो हम जल्द सुधर जायेंगे। लोग जागरूक होकर भोजन सिमित मात्रा में पकाएंगे, समारोह में लोग खाना चखने के बाद स्वाद पसंद आने पर ही सिमित मात्रा में खाना थाली में परोसेंगे, इससे कुपोषण खत्म होने में मदद, उत्तम स्वास्थ्य, चटोरेपन पर लगाम लगेगी। किसी कारणवश फिर भी अन्न बच जाने पर खाना सार्वजानिक फूड स्टाल को भेट किया जाएं। हर शहर, गांवो, कस्बों में भोजन संग्रहण के लिए ऐसे फूड स्टाल केंद्र होने चाहिए, जहां पर शेष भोजन को दिया जा सकें। ऐसे केंद्र पर जरूरतमंदों के लिए सुविधानुसार मुफ्त भोजन की व्यवस्था होनी चाहिए, जहां कोई भी भूखा व्यक्ति जाकर भरपेट खाना खा सकता है। इस व्यवस्थापन से न कोई भूखा होगा, न अनाज की बबार्दी होगी, सिर्फ हर ओर समृद्धि होगी, कीमती जिंदगियां बचाई जाएंगी, सबको अन्न के हर दाने का मोल समझेगा और हमारे देश की सबसे बड़ी समस्या का विकास के रूप में परिवर्तन होगा।

अब खत्म होना चाहिए कावेरी जल विवाद

प्रमोद भार्गव

कावेरी जल बंटवारे को लेकर दषकों से चला आ रहा विवाद अब थम जाना चाहिए। दरअसल शीर्ष न्यायालय ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और कावेरी जल नियमन समिति के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया है, जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए प्रतिदिन पांच हजार घन मीटर पानी देने की बात कही गई है। तमिलनाडु ने राज्य में सूखे के कारण 7200 घन मीटर पानी मांगा था। समिति ने उसकी मांग को उचित तो माना लेकिन दूसरे राज्यों में जल समस्या का ध्यान रखते हुए पानी की मात्रा घटाकर पांच हजार घन मीटर कर दी है। यही फैसला कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी दिया था। तमिलनाडु ने इस निर्णय पर सहमति जता दी है, लेकिन कर्नाटक में इस निर्णय के विरुद्ध असंतोष पनपने के साथ विरोध प्रदर्शन भी षुरू हो गए है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल कर्नाटक सरकार ने जिस असंतोष और विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्र के समक्ष मामला दखल के लिए उठाया है, उससे लगता है कि विवाद तत्काल खत्म होने वाला नहीं है।

कर्नाटक और तमिलनाडू के बीच कावेरी नदी जीवनरेखा मानी जाती है। कावेरी दोनों राज्यों के करोड़ों लोगों के लिए वरदान है, लेकिन निहित राजनैतिक स्वार्थों के चलते कर्नाटक और तमिलनाडू की जनता के बीच केवल अगजनी और हिंसा के ही नहीं, सांस्कृतिक टकराव के हालात भी उत्पन्न होने के आसार नजर आने लगे हैं। सनातन भारतीय संस्कृति में पानी पिलाना पुण्य का श्रेश्ठ काम माना जाता है। दरअसल तमिलनाडू में इस साल कम बारिष होने के कारण पानी की जबरदस्त किल्लत है। कम बारिष के कारण राज्य में चालीस हजार एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो रही है, इसलिए उसे कृशि और किसानों की आजीवका के लिए तुरंत पानी की जरूरत है। इसी जरूरत के मद्देनजर पांच हजार घन मीटर पानी देने का फैसला दिया गया। लेकिन कर्नाटक इतना पानी देने को भी तैयार नहीं है।

भारत में नदियों के जल का बंटवारा, बांधों का निर्माण और राज्यों के बीच उसकी हिस्सेदारी एक गंभीर व अनसुलझी रहने वाली समस्या बनी हुई है। इसका मुख्य कारण है,



नदी जैसे प्राकृतिक संसाधन के समुचित व तर्कसंगत उपयोग की जगह राजनीतिक सोच से प्रेरित होकर नदियों के जल का दोहन करना है। कर्नाटक में जल विवाद के सामने आते ही इस मुद्दे पर लड़ाई जीतने के लिए राजनीतिक दल और किसान संगठन एक राय हो जाते हैं। दावा किया जा रहा है कि तमिलनाडू के किसान एक साल में तीन फसल उगा रहे हैं, जबकि कर्नाटक के पास एक फसल के लिए भी पानी कम पड़ता है। ऐसे में तमिलनाडू को पानी देना कैसे संभव है ? ऐसी ही एकपक्षीय धारणाओं की वजह से कर्नाटक-तमिलनाडु के बीच कावेरी जल विवाद 124 साल से स्थाई समस्या बना हुआ है।

दक्षिण भारत की गंगा मानी जाने वाली कावेरी नदी कर्नाटक तथा उत्तरी तमिलनाडु में बहने वाली जीवनदायी सदानीरा नदी हैं। यह पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरी पर्वत से निकली है। यह 800 किलोमीटर लंबी हैं। इसके आसपास के दोनों राज्यों के हिस्सों में खेती होती है। तमिल भाषा में कावेरी को ह्यपोन्नीह्व कहते हैं। पोन्नी का अर्थ सोना उगाना है। दोनों राज्यों की स्थानीय आबादी में ऐसी लोकमान्यता है कि कावेरी के जल में धूल के कण मिले हुए हैं। इस लोकमान्यता को हम इस अर्थ में ले सकते हैं कि कावेरी के पानी से जिन खेतों में सिंचाई होती है, उन खेतों से फसल के रूप में सोना पैदा होता है। इसीलिए यह नदी कर्नाटक और तमिलनाडु की कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलाधार है। ब्रह्मगिरी पर्वत कर्नाटक के कुर्ग क्षेत्र में आता है, जो कर्नाटक के अस्तित्व में आने से पहले मैसूर राज्य में था। यहीं से यह नदी मैसूर राज्य को सिंचित करती हुई दक्षिण पूर्व की ओर बहती हुई तमिलनाडू में प्रवेष करती है और फिर इस राज्य के बड़े भू-भाग को जल से अभिसिंचित करती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

1892 व 1924 में मैसूर राज्य व मद्रास प्रेसीडेंसी ;वर्तमान तमिलनाडु के बीच जल बंटवारे को लेकर समझौते हुए थे। आजादी के बाद मैसूर कर्नाटक में विलय हो गया। इसके बाद से कर्नाटक को लगने लगा कि मद्रास प्रेसिडेंसी पर अंग्रेजों का प्रभाव अधिक था, इसलिए समझौता मद्रास के पक्ष में किया गया है। लिहाजा वह इस समझौते को नहीं मानता है। जबकि तमिलनाडु का तर्क है कि पूर्व समझौते के मुताबिक उसने ऐसी कृशि योग्य भूमि विकसित कर ली है, जिसकी खेती कावेरी से मिलने वाले सिंचाई हेतु जल के बिना संभव ही नहीं है। इस बावत 1986 में तमिलनाडु ने विवाद के निपटारे के लिए केंद्र सरकार से एक ट्रिब्यूनल बनाने की मांग की। नदी विवाद जल अधिनियम के तहत 1990 में ट्रिब्यूनल बनाया गया। इस ट्रिब्यूनल ने कर्नाटक को आदेश दिया कि तमिलनाडु को 419 अरब क्यूसेक फीट पानी, केरल को 30 अरब तथा पांडिचेरी को 2 अरब क्यूसेक पानी दिया जाए। किंतु कर्नाटक सरकार ने इस आदेश को मानने से इनकार करते हुए कहा कि इस पानी पर हमारा पूरा हक है, इसलिए हम पानी नहीं देंगे। कर्नाटक का तर्क है कि अंग्रेजों के शासनकाल में कुर्ग मैसूर रियासत का हिस्सा था, और तमिलनाडु मद्रास प्रेसीडेंसी के रूप में फिरंगी हुकूमत का गुलाम था।

एशियाई खेलों में सफलता का परचम लहराती बेटियां

-रोहित माहेश्वरी

एक जमाना था जब कहा करते थे खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, लेकिन अब इस पंक्ति को गलत ठहराते हुए देश के खिलाडियों ने देश को एक अद्भुत पहचान दे दी है। आज भारत खिलड़ियों कि वजह से पूरी दुनिया में अपना दबदबा लगातार बढ़ाता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि शिक्षा के साथ खेल बेहद जरूरी है। पढ़ाई से जहां बच्चों में बौद्धिक विकास होता है वहीं खेलों से शारीरिक विकास होता है। उनमें रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है। अगर उनमें कुछ करने की ललक है तो वे नाम भी रोशन करते हैं। बस उन्हें हौसले की जरूरत है।

इन दिनों चीन में आयोजित हो रहे एशियन गेम्स में देश की बेटियों ने हर हिंदुस्तानी को गर्व करने का अवसर प्रदान किया है। किसान की बेटी हो या नॉर्मल परिवार से स्पोर्ट खेलने पहुंची लड़की हो। सभी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए मेडल जीत रही हैं। सिफ्ट कौर सामरा 50 मीटर राइफल की निशानेबाजी की नई एशियाई चैम्पियन बनी हैं, लेकिन वह विश्व चैम्पियन भी हैं, क्योंकि उन्होंने एक साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियन रिकॉर्ड स्थापित कर स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 469.6 अंक हासिल कर विश्व कीर्तिमान रचा है।

1986 में सोमा दत्ता ने इसी 3 पोजिशन में, सियोल एशियन खेलों में, रजत पदक जीता था, लिहाजा ऐसी कामयाबी वाली, सभी वर्गों में, वह भारत की प्रथम निशानेबाज हैं। सिफ्ट ने टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया है। हांगझोउ एशियन खेलों का चैथा दिन, भारत के लिहाज से, बेहद खुशगवार रहा। पदकों की खूब बौछार हुई। सिफ्ट के अलावा ईशा सिंह, मनु भाकर, रिद्म सांगवान की तिकड़ी ने भी 25 मीटर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। आशी सिंह, माणिनी सरीखी पदकवीर बेटियों का नाम भी विजेताओं की श्रेणी में रखा जाएगा।

भारत की इन सामान्य-सी बेटियों ने आसमान छूकर ह्यमां भारतीह्व को सम्मानित किया है और खुद को ह्यअसाधारणह्व साबित किया है। एशियन खेल या राष्ट्रमंडल खेलों के मुकाबले हों अथवा विश्व चैंपियनशिप, ओलंपिक के मैदान हों, खेलों में प्रतिद्वंद्विता गला-काट होती है। एक-एक अंक के लिए जद्दोजहद की जाती है। भारत की बेटी सिफ्ट ने, 7.3 अंकों के फासले से, चीनी खिलाड़ी को मात देकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किया है। ब्रिटेन के नाम पुराने कीर्तिमान को पोंछ दिया है। यकीनन यह गगनचुंबी सफलता और उपलब्धि है। गौरतलब तो यह है कि फरीदकोट (पंजाब) के एक किसान घर और चावल का कारोबार करने वाले परिवार की बेटी सिफ्ट की प्राथमिकता निशानेबाजी नहीं थी। वह एमबीबीएस की छात्रा है। जाहिर है कि डॉक्टर साहिबा बनने की राह पर हैं, लिहाजा सिफ्ट खुद को ह्यआकस्मिक निशानेबाजह्व मानती हैं। मेडिकल से मेडल तक की यात्रा 22 वर्षीय बेटी के लिए बड़ी असमंजस भरी रही होगी, लेकिन सिफ्ट ने माता-पिता की सलाह पर ह्यनिशानेबाजह्व बनना तय किया।

क्यों पानी के लिए आपस में फिर लड़ रहे तमिलनाडु और कर्नाटक राज्य ?

कावेरी नदी के जल बंटवारे का मुद्दा लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। तमिलनाडु और कर्नाटक में लोग पानी के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कावेरी जल विवाद के चलते मंगलवार को बेंगलुरु में बंद रहा। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने आज 29 सितंबर 2023 से पूरे राज्य में बंद करने आह्वान किया है जिसकों वहां के मुख्य विरोधी दल भाजपा व जे डी एस भी समर्थन कर रहे हैं ।

दरअसल दोनों राज्यों के बीच यह जंग लगभग 140 साल पुरानी है। मामला निचली अदालतों से लेकर देश की उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा लेकिन विवाद खत्म नहीं हो सका। कावेरी नदी कर्नाटक के को डागू जिले से निकलती है और तमिलनाडु व पुडुचेरी से होती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कावेरी नदी की लंबाई तकरीबन 750 किलोमीटर है। ये नदी कुशालनगर, मैसूर, श्रीरंगापटना, त्रिरुचिरापल्ली, तंजावुर और मइलादुथुरई जैसे शहरों से गुजरती हुई तमिलनाडु से बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कावेरी बेसिन का कुल जलसंभरण (वाटरशेड) 81,155 वर्ग किलोमीटर है जिनमें से कर्नाटक में नदी का जल संभरण क्षेत्र सबसे ज्यादा लगभग 34,273 वर्ग किलोमीटर है। केरल में कुल जल संभरण क्षेत्र 2,866 वर्ग किलोमीटर है। तमिलनाडु और पांडिचेरी में शेष 44,016 वर्ग किलोमीटर जल संभरण क्षेत्र है।

2024 में होगा भाजपा का सफाया: सपा प्रदेश सचिव

मानिकपुर में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार ने जिले के तीसरे दिन प्रवास दौरान मानिकपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि आगामी 2024 चुनाव में सपा का लक्ष्य पीडीए को साथ लेकर चलने का है। समाज के हर दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक आदिवासियों को साथ लेकर चलेंगे। सबको अधिकार दिलाने का काम करेंगे।

शुक्रवार को जिले के मानिकपुर में सपा प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होना तय है। भाजपा अभी से घबराई हुई है। भाजपा को मध्य प्रदेश में प्रत्याशी नहीं मिल रहे। सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव की अगुवाई में सभा में स्व पूर्व सांसद प्रकाश नारायण त्रिपाठी के पुत्र देवेंद्र त्रिपाठी ने समर्थकों समेत पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्षता विधानसभा मानिकपुर के विधानसभा अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने की। सभा में जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने कहा कि त्रिपाठी के पार्टी में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। मड़ैयन पूर्व प्रधान/जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि पाठा क्षेत्र में बिजली विभाग इन दिनों बिजली बिल वसूली के नाम पर किसानों से फिरौती वसूल रहा है। पार्टी जल्द ही बिजली विभाग के कर्मचारियों की अवैध वसूली की पोल खोलने का काम करेगी। बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, सुभाष पटेल, सूरज पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, शिवशंकर सिंह पटेल, मो गुलाब खान, अमर पटेल ने सभा में विचार रखे। संचालन जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने किया इस मौके पर विनोद खंगार, नाथूराम खंगार, नथनलाल खंगार, मलखान सिंह खंगार, सखाराम सिंह खंगार, अंशु सिंह खंगार, विपिन सिंह खंगार, विक्रमादित्य त्रिपाठी, सूरज पटेल, हीरालाल पटेल, देवनाथ यादव, एजाज हसन सिद्दीकी, कृतकेश्वर त्रिपाठी, जलाल खान, राजा यादव गोबरिया आदि मौजूद रहे।

दो अक्टूबर को गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित करेंगे भाजपाई: लवकुश

0 भाजपा जिलाध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सेवा पखवाड़ा के तहत दो अक्टूबर को पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी को भाजपा श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। स्वच्छता अभियान की व्यापक योजना साझा करने को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने डाक बंगले में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान की शुरूवात की थी।

शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन भाव के साथ भाजपा कार्यकर्ता निरंतर समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। दो अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर भाजपा ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाकर जयंती पर उन्हें स्वच्छांजलि अर्पित करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रमों के निमित्त जिले से जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल को जिला संयोजक, जिलामंत्री रामबाबू गुप्ता को सहसंयोजक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है स्वच्छ चित्रकूट-स्वस्थ चित्रकूट-समृद्ध चित्रकूट-आत्मनिर्भर चित्रकूट। चतुर्वेदी ने कहा कि जिले के किसानों, नौजवानों, श्रमिकों, मातृशक्ति, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, बुद्धिजीवियों, व्यापारियों सबके सक्रिय सहभागिता से आत्मनिर्भर चित्रकूट बनाने को सामूहिक प्रयासों की अविरल श्रृंखला बनायेंगे। जिला अभियान संयोजक पंकज अग्रवाल ने कहा कि जिले में भाजपा 11 मंडलों के 124 शक्ति केंद्रों एवं 850 बूथों के सभी कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, मोर्चा पदाधिकारियों, सभी जिला पदाधिकारियों को सहभागी करके स्वच्छता अभियान चलायेगी। सह संयोजक रामबाबू गुप्ता ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगणों, सभी जिला पदाधिकारीगणों, मोर्चा पदाधिकारीगणों की स्वच्छता कार्यक्रम के निमित्त मण्डलवार योजना बनाई गई है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आत्मनिर्भर भारत सक्षम समर्थ भारत व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में आत्मनिर्भर उप्र सक्षम समर्थ उत्तर प्रदेश के साथ स्वच्छ स्वस्थ समृद्ध सक्षम एवं आत्मनिर्भर चित्रकूट बनाने की दिशा में कदम से कदम मिलाकर जिलेवासी चल रहे हैं। दो अक्टूबर को स्वच्छता कार्यक्रमों से महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित करेंगे। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री तीरथ तिवारी, श्रवण तिवारी, अभिषेक ओझा, अर्पित जायसवाल मौजूद रहे।

भाकपा ने जयंती पर भगत सिंह को किया याद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाकपा कैम्प कार्यालय में शहीद भगत सिंह की जयंती पर माल्यार्पण कर का कमलेश प्रसाद की अध्यक्षता में हुई सभा में भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि आज समाज को सरदार भगत सिंह के विचारों पर चलने की जरूरत है, तभी पूरे देश में समाजवाद आ सकता है।

शहीद भगत सिंह की जयंती पर का अमित यादव ने कहा कि देश में विघटनकारी शक्तियां भाई-भाई को आपस में लड़ाकर सत्ता हथियाना चाहती है, जो देश संविधान व सर्वहारा वर्ग के लिए खतरा है। ऐसी शक्तियों से सभी को मिलकर लड़ना होगा। भगत सिंह के सपनों को साकार करना होगा।

सभा में सुशील सिंह, शिवबरन, विनोद पाल, हनुमान, रेवतीरमण, दादूराम ने विचार रखे। सभा में शहीद भगत सिंह के विचारों पर चलने का संकल्प लेते हुए का बुद्धविलास, दिनेश, फूलचंद, शिवप्रसाद, सुनील, बोधन, दीपक, रामचंद्र, भगवानदीन, सुखदेव, दसुआ, मल्लू व सलीम समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने भी शहीद भगत सिंह को याद किया। उन्होंने कहा कि भगत सिंह के विचारों पर चलकर ही देश में समाजवाद लाया जा सकता है।

युवक की हत्याकर नहर में फेंका शव, पारिवारिक रंजिश में हुई हत्या

अखंड भारत संदेश

रैपुरा: रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी गांव से सटे गेटा पुरवा नहर में देर रात युवक का शव पड़ा मिलने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

हत्या की ये घटना गुरुवार की रात हुई। बताया गया कि मृतक की पहचान अजय कुमार उर्फ पिंटू (27) पुत्र ललाई निवासी गेटापुरवा भौंरी के बतौर हुई। मृतक के पिता ललाई ने बताया कि देर रात भौंरी से वह घर आ रहा था। परिवार के लोग भी साथ थे। उन्होंने ही हत्या कर अजय को नहर में फेंका है। काफी रात होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचा, तब ढूंढने पर नहर में पड़ा मिला। पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पहुंचे एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। इस बाबत थाना प्रभारी शैलेंद्र पाण्डेय ने कहा कि पारिवारिक रंजिश से युवक की हत्या हुई है। परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया है। हत्यारों की तलाश में पुलिस जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामला साफ होगा।

15 तक किसान करा लें आधार फीडिंग: डीडीए राजकुमार, फीडिंग न होने पर नहीं मिलेगी 15वीं किस्त

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जिन लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में आधार फीडिंग एवं ई-केवाईसी नहीं हुआ है। उन्हें 15वीं किश्त का लाभ नहीं मिलेगा। शुक्रवार को उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि एक से 15 अक्टूबर तक जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों में कैम्प लगाकर अवशेष लाभार्थी किसानों के आधार फीडिंग एवं ई-केवाईसी जल्द पूरे करने का कार्य कृषि विभाग, पोस्ट इण्डिया बैंक एवं जनसेवा से कराया जायेगा। इस कार्य को जिला मुख्यालय/कृषि भवन में पहले से हेल्प डेस्क स्थापित है। उन्होंने जिले के सभी किसान भाइयों से कहा है कि जिन लाभार्थी किसानों का पीएम किसान योजना में आधार फीडिंग एवं ई-केवाईसी नहीं है, वे एक से 15 अक्टूबर तक सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों एवं मुख्यालय में सभी अभिलेखों समेत खुद आकर आधार फीडिंग एवं ई-केवाईसी करायें। अन्यथा 15वीं किश्त से वंचित रह जायेगें।

डीएम-एसपी ने जेल का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिला कारागार में महिला बैरक, पाठशाला व कारागार में बने कौशल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में निरूद्ध कैदियों से खानपान के बारे में जानकारी ली।

शुक्रवार को डीएम-एसपी ने प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिये कि मेन्यू के हिसाब से खाना दिया जाए। जिलाधिकारी ने पृथक वास में निरुद्ध कैदियों की तलाशी भी कराई। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहें। प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिए कि कारागार में निरुद्ध कैदियों का बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवायें भी दिलायें। जो बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित किए गए हैं, उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये। निरीक्षण में जिला जज विकास कुमार, सीजेएम शेषमणि, पूर्णकालिक सचिव फारूक इनाम सिद्दीकी, अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक समेत चोर दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बाइक समेत चोर को गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि 17 सितम्बर को सुमित कुमार वर्मा पुत्र सुदामा प्रसाद वर्मा निवासी पासी तिराहा कोतवाली कर्वी ने रिपोर्ट लिखाई थी कि लाल रंग की काली बजाज पल्सर बाइक डीएल/75बीपी 3740 अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा रामाधार सिंह को खुलासे के निर्देश दिये। दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर चमड़ामंडी जाने वाली सड़क से शनि उर्फ अश्वनी धुरिया उर्फ गोताखोर पुत्र राकेश धुरिया निवासी एसडीएम कालोनी को चोरी की लाल काली बजाज पल्सर समेत गिरफ्तार किया। चोरी की बाइक बरामदगी बाबत धारायें बढाई गई। चोर पर कोतवाली कर्वी में आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, दीवान राहुल देव, सिपाही दीपांकर सिंह शामिल रहे।

शुक्ला की अगुवाई में 26 को आयेगी श्रीराम यात्रा

प्रयागराज महर्षि भरद्वाज आश्रम से सात बजे शुरू होगी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रयागराज विद्वत परिषद 26 अक्टूबर को प्रभु श्रीराम की यात्रा प्रयागराज महर्षि भरद्वाज आश्रम से सवेरे सात बजे शुरू होगी। इसका समापन चित्रकूट के कामतानाथ में होगा।

ये जानकारी व्यवस्था प्रमुख/सूबे के पूर्व आईजी लालजी शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीराम वन गमन मार्ग पर निकाली जाने वाली ये यात्रा यादगार होगी। यात्रा की अगुवाई स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती सदस्य राम जन्मभूमि तीर्थ न्यास व अन्य साधु-सन्त करेगें। यात्रा मानव जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान व भक्ति से सराबोर होगी। आज जहां-जहां चरण पड़े प्रभु श्रीराम के यात्रा मार्ग का निरीक्षण व दर्शन किया। अभियान की शुरूआत काफी पहले हो गई थी। पूर्व मंडलायुक्त संजय गोयल की पहल पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने पर्यटन एवं संस्कृति समिति की एक उप समिति गठित की थी। इस समिति के सदस्य वीरेंद्र पाठक को उपसमिति का अध्यक्ष बनाकर प्रयागराज के महत्वपूर्ण स्थान की खोज और डॉक्यूमेंटेशन का कार्य सौंपा गया।

पूर्व आईजी शुक्ला ने बताया कि पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन की मंशा थी कि प्रयागराज के पुरातत्व व धार्मिक महत्व के स्थान की वर्तमान स्थिति जानी जाए। उसी अनुरूप आगे विकास कार्य किये जायें। स्वामी वासुदेवानंद महाराज सदस्य राम जन्मभूमि तीर्थ न्यास ने भी राम वन गमन मार्ग पर चलने की परम्परा को विस्तार देने की इच्छा जताई है। यात्रा के व्यवस्था प्रमुख पूर्व आईजी लालजी शुक्ला बनाये गये हैं। शुक्ला की अगुवाई में विगत दिवस एक दल यात्रा मार्ग व पड़ाव पर जाकर लोगों से भेंट की थी। महर्षि भरद्वाज आश्रम से यात्रा की शुरूआत होगी। यमुनापार होते हुए चित्रकूट पहुंचेगी। चित्रकूट में ऋषियन होते हुए मऊ से बाल्मीकि आश्रम लालापुर होते हुए कामदगिरि पर पूजन के बाद विश्राम लेगी। इस मौके पर मऊ विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी के आवास पर स्वागत हुआ। प्रयागराज विद्वत परिषद के समन्वयक वीरेन्द्र पाठक, डॉ प्रमोद शुक्ला, रघुनाथ द्विवेदी, आशुतोष शुक्ला, दिलीप उपाध्याय, इन्द्रेश व अवधेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

मप्र में कांग्रेस बनायेगी सरकार: प्रदेश अध्यक्ष अजय राय

डर के चलते भाजपा ने उतारे मंत्री

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के जिले में आगमन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल समेत कांग्रेसियों ने गर्मजोशी से जिले की सीमा में स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मप्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रत्याशी नहीं मिल रहे। भाजपा का मप्र से सफाया होना तय है। वहां कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है।

शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत जिलाध्यक्ष की अगुवाई में बरगढ़ छिवलहा में रंजन बरातीलाल पांडे ने समर्थकों समेत गर्मजोशी से किया। स्वागत करने वालों में अतुल तिवारी, पवन रजक, गिरजा बर्मा, मऊ में राकेश पांडे, बांधी में जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर शिवशंकर खंगार, बोडीपोखरी में राजेश सिंह, खोह में अनिल गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, राकेश वर्मा, धनुष चैराहा में विजयमणि त्रिपाठी, कामता दिवेदी, दिवाकर त्रिपाठी, शारदा गौतम ने किया। यहां पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जिस तरह से उप्र में जंगल राज है, कांग्रेस का कार्यकर्ता जंगलराज के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश का पालन किया जाएगा। वह पूर्णिमा के दिन बाबा की नगरी से चित्रकूट के कामतानाथ के दर्शन को आये हैं। मप्र में भाजपा ने डर से बड़े नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 में देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस मौके पर सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पांडे, बुंदेलखंड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित, पंकज मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, महेंद्र सिंह पटेल, तीरथ सिंह, बांदा जिलाध्यक्ष लालू दुबे, कुलदीप मिश्रा, यमुना शुक्ला, कृष्णराज सिंह, कंचन सिंह, गज्जू प्रसाद फौजी, अरुणेंद्र मिश्रा, राज नारायण निषाद, महेंद्र निषाद, राम बच्चन निषाद, आशीष मिश्रा, इंद्रजीत उपाध्याय, गोलू मिश्रा, उदित नारायण द्विवेदी ने जगह-जगह प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

शादी का झांसा देकर बालिका के यौन शोषण आरोपी को हुई बीस साल की सजा,विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने सुनाया निर्णय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने और चार माह तक शारीरिक शोषण करने के मामले में आरोपी के दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने बीस साल की सजा व 40 हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

शुक्रवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव के राधे सिंह उर्फ राधेश्याम सिंह पुत्र बद्री सिंह ने नौ अक्टूबर 2021 को नाबालिक लड़की को घर से भगा ले गया था। लड़की के पिता ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लड़की के पिता के अनुसार गैर मौजूदगी में आरोपी ने बहला-फुसलाकर बेटी को ले गया था। साथ में सोने- चांदी के जेवर व मोबाइल भी ले गए थे। मान मयार्दा के लिए वह अपने स्तर से ढूंढता रहा। पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी थी। घटना के चार माह बाद लड़की पुलिस को लूकलाइन चैराहे पर मिली थी। पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण कराकर बयान दर्ज कराए थे। लड़की ने कहा था कि आरोपी राधेश्याम उसे दिल्ली ले गया था। चार माह तक शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा। उसके बाद उसे लेकर राजापुर आया। यहां लूकलाइन चैराहे पर पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीष विनीत नारायण पाण्डेय ने शुक्रवार को निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी राधे उर्फ राधेश्याम सिंह को बीस वर्ष की सजा व 40 हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया।

अवैध शस्त्र रखने के जुर्म में 25 दिन की हुई सजा, दो हजार रुपये जुमार्ना भी हुआ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार रविप्रकाश की पैरवी से अवैध शस्त्र आरोपी को 25 दिन की सजा व दो हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

शुक्रवार को अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय जेएम मऊ सुश्री संघमित्रा ने आर्म्स एक्ट के आरोपी मूलचन्द्र केवट पुत्र अदालती केवट निवासी भट्टा थाना मऊ को 25 दिन की सजा व दो हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया है।

ज्ञात है कि 30 अप्रैल 2014 को मऊ थाने के दरोगा शहनशाह हुसैन ने मूलचन्द्र केवट को एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्जकर पूर्व दरोगा राजेन्द्र प्रसाद यादव ने आरोपी के खिलाफ 26 मई 2014 को आरोप पत्र दाखिल किया था।

दहेज हत्या में वांछित तीन दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा राम आश्रय प्रसाद की टीम ने दहेज हत्या के वांछित सत्यनारायण पुत्र ब्रजेश कुमार, ब्रजेश कुमार पुत्र बैजनाथ व सहोद्रा पत्नी ब्रजेश कुमार निवासी कर्वी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा राजीव कुमार सिंह, सिपाही अमित तिवारी व महिला सिपाही शिवानी सिंह चन्देल शामिल रही।

गांवों के छात्र-छात्राओं को डीएम-एसपी कार्यालय की दी जानकारी, स्टूडेंट पुलिस कैडेट के तहत ओरा, नोनार, सुरसेन विद्यालयों के छात्रों ने देखे डीएम-एसपी कार्यालय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप्र सरकार की महात्वकांक्षी योजना स्टूडेंट पुलिस कैडेट के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना पहाड़ी के वरिष्ठ दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय व थाना सरधुवा के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी ने अपने-अपने क्षेत्र में चिन्हित विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया। शुक्रवार को थाना पहाड़ी क्षेत्र के उच्चतर प्राथमिक विद्यालय ओरा व राजकीय हाईस्कूल नोनार, थाना सरधुवा के राजकीय हाईस्कूल सुरसेन के छात्र/छात्राओं को जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में होने वाले कार्यों एवं उनकी उपयोगिता बाबत जानकारी दी। जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने छात्रों से वार्ता की। छात्रों को जिलाधिकारी कार्यालय से होने वाले कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने सभी छात्रों को स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कहा कि इस तरह भ्रमण के कार्यक्रम प्रतिमाह होंगे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने छात्रों से वार्ता की। पुलिस की विभिन्न सेवायें कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम जो हो रहे हैं, इससे छात्रों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी जा रही है। छात्रों को पुलिस कार्यालय का भ्रमण कराकर पुलिस कार्यालय में स्थित सभी शाखाओं के कार्यों की बाबत जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओरा सर्वजीत सिंह, सहायक अध्यापक अजीम मोहम्मद, राजकीय हाईस्कूल से सहायक अध्यापक श्रीमती गुंजन सिंह, सुश्री सुरभि व राजकीय हाईस्कूल सुरसेन से सहायक अध्यापक अनिल कुमार शर्मा व सूर्यभूषण पाण्डेय मौजूद रहे।

यूक्रेन को मदद का विरोध कर निशाने पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति पद के दावेदार रामास्वामी

यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप पर कानूनी शिकंजा कसता ही जा रहा है। उन पर अपनी संपत्ति की कीमत को बढ़ा चढ़ाकर (अरबों डॉलर बढ़ाने का) बताने का आरोप है। उन्होंने अदालत में इस पर देरी से संज्ञान लेने की अपील दायर की थी। स्थानीय एक अदालत ने उनकी अपील खारिज कर दी। डोनाल्ड जे. ट्रम्प पर नागरिक धोखाधड़ी मुकदमा सोमवार से शुरू होने की संभावना है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अदालत ने गुरुवार को दो पन्नों के संक्षिप्त आदेश में ट्रायल जज आर्थर एफ. एंगोरोन के खिलाफ दायर उनकी अपील को रद्द कर दिया। यह मामला पिछले साल न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल, लेटिटिया जेम्स सामने लाए थे। उनका आरोप है कि ट्रंप ने बैंकों से अनुकूल ऋण शर्तों को प्राप्त करने के लिए कुछ वर्षों में अपनी कुल संपत्ति अरबों डॉलर तक बढ़ा दी ।

जयशंकर-ब्लिंकन ने वैश्विक विकास पर की चर्चा

वाशिंगटन। भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अमेरिका की नौ दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर 22 सितंबर को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। वह 30 सितंबर तक की यात्रा पर हैं। विदेशमंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा- 'आज अपने मित्र अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात करके बहुत अच्छा लगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जून की यात्रा पर हमारे बीच व्यापक चर्चा हुई। साथ ही वैश्विक विकास पर नोट्स का आदान-प्रदान किया।' इसके अलावा जयशंकर ने यहां कांग्रेस सदस्यों, प्रशासन, व्यापार और थिंक टैंक प्रमुखों से भी मुलाकात की है। उन्होंने कहा है कि हमारी नियमित बातचीत भारत-अमेरिकी संबंधों को मजबूत बनाए रखती है।

चीन भ्रमण के आखिरी दिन प्रधानमंत्री 'प्रचण्ड' ने किए कैलाश मानसरोवर के दर्शन

काठमांडू। चीन भ्रमण के आखिरी दिन प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने कैलाश मानसरोवर के दर्शन किए। बीजिंग से ल्हासा पहुंचे प्रचण्ड ने अपने प्रतिनिधिमण्डल के साथ मानसरोवर की यात्रा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ने नेपाल के हुम्ला जिले के रास्ते सीधे कैलाश मानसरोवर तक की सहज यात्रा के लिए सड़क निर्माण को लेकर चीन सरकार के साथ सैद्धांतिक सहमति होने की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि हिन्दू धर्मावलम्बी के आस्था का केन्द्र रहे मानसरोवर की सुलभ यात्रा का प्रबन्ध जल्द ही कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के साथ कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एनपी साउद सहित दो अन्य मंत्री, सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। पिछले कुछ वर्षों से भारत भ्रमण करने वाले नेपाल के प्रधानमंत्री और अन्य राजनेताओं को धार्मिक तीर्थाटन को यात्रा का हिस्सा बनाने के बाद चीन भी पिछले एक वर्ष से नेपाल से जाने वाले सभी प्रतिनिधिमण्डल को कैलाश मानसरोवर की यात्रा करवा रहा है।

पाकिस्तान में मिलादुन्नबी के जुलूस पर आत्मघाती हमला, पुलिस अफसर सहित 34 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस पर जोरदार आत्मघाती हमला हुआ है। विस्फोट में एक पुलिस अफसर सहित 34 लोगों की मौत हो गयी। हादसे में 130 से अधिक घायल हुए हैं, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई गई है।

बलूचिस्तान के मस्तुंग में शुक्रवार को लोग ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाल रहे थे। इसी दौरान अल-फलाह मदीना मस्जिद के पास जुलूस के बीच में एक आत्मघाती हमलावर ने घुस कर साथ चल रही पुलिस उपाधीक्षक नवाज गिश्कोरी की गाड़ी के पास धमाका कर दिया। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक आवाज सुनाई दी। धमाका होते ही वहां भगदड़ मच गयी। लोग इधर-उधर भागे और अफरा-तफरी में एक दूसरे को कुचलने भी लगे। जुलूस की सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक सहित 34 लोगों की मौत हुई है। पुलिस अधिकारी मोहम्मद जावेद लाहिरी ने इस विस्फोट को आत्मघाती हमला करार दिया है। कराची के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक खादिम हुसैन रिंद ने पुलिस कर्मियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार हादसे में 130 से अधिक लोग घायल हुए हैं। धमाके के बाद पहुंचे राहत कर्मियों को भयावह दृश्य देखने को मिले। दूर-दूर तक शव पड़े थे। जहां कुछ देर पहले धार्मिक नारे सुनाई दे रहे थे, वहां घायलों की चीखें गूंज रहीं थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें कुछ की हालत अत्यधिक गंभीर है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। आसपास के अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गयी है। गंभीर रूप से घायलों को क्वेटा स्थानांतरित किया जा रहा है।

चीन में एवरग्रांडे के दो पूर्व अधिकारी हिरासत में, चेयरमैन पुलिस की निगरानी में

हांगकांग। चीन ने रियल एस्टेट डेवलपर चाइना एवरग्रांडे के अधिकारियों को निशाना बनाया है। यह कंपनी कर्ज में डूबी हुई है। चाइना एवरग्रांडे के दो पूर्व अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है।कंपनी के अरबपति चेयरमैन पुलिस की निगरानी में हैं। चीन के इस ताजा कदम से रियल एस्टेट जगत में संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। इस पर अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में व्यापक चर्चा की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक समय इस कंपनी के प्रोजेक्ट्स को चीन में सफलता की गारंटी माना जाता था। दो साल पहले इसके पतन की कहानी शुरू हुई। एवरग्रांडे ने हांगकांग में सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली अपनी तीन कंपनियों में गुरुवार को कारोबार निलंबित कर दिया। दो साल पहले एवरग्रांडे के 300 अरब डॉलर के कर्ज में डूब जाने से दुनिया सकते में आ गई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार एक अन्य प्रमुख चीनी डेवलपर कंट्री गार्डन ने वर्ष की पहली छमाही में 7.3 बिलियन डॉलर के नुकसान की सूचना दी है।



बांग्लादेश में परमाणु ईंधन की पहली खेप रूपपुर संयंत्र रवाना

ढाका। बांग्लादेश के रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए परमाणु ईंधन (यूरेनियम) की पहली खेप को आज सुबह अंतरराष्ट्रीय कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना किया गया। यह खेप कल ढाका हवाई अड्डे पहुंची थी। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह खेप आज सुबह पबना में ईश्वरडी उपजिला के रूपपुर के लिए रवाना हुई। सुबह करीब 10:00 बजे इसने बंगबंधु पुल को पार किया। ईंधन को विशेष वाहनों से पहुंचाया जा रहा है। रूपपुर पहुंचने पर रेडियोधर्मी ईंधन को परियोजना स्थल पर संग्रहीत किया जाएगा। पांच अक्टूबर को इसके लिए समारोह की घोषणा की गई है। इसमें प्रधानमंत्री शेख हसीना और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल होने की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक के भी समारोह में शामिल होने की संभावना है।

भारतवंशी कैंसर चिकित्सक कमल मेंघाराजानी व्हाइट हाउस फेलो के रूप में नामित

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस ने भारतवंशी कैंसर चिकित्सक कमल मेंघाराजानी समेत 15 प्रतिभाशाली युवाओं को 2023 के व्हाइट हाउस फेलो के रूप में नामित किया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी मेंघाराजानी के एक्स हैंडल पर साझा की सूचना के आधार पर दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय में नियुक्त मेंघाराजानी ल्यूकेमिया से ग्रसित मरीजों का इलाज करती हैं। वह एक वर्ष तक व्हाइट हाउस के स्टाफ, कैबिनेट सचिवों और अन्य शीर्ष प्रबंधन अधिकारियों के साथ काम करेंगी।न्यूयार्क में रहने वालीं मेंघाराजानी 15 उल्लेखनीय रूप से चयनित प्रतिभाशाली और निपुण युवाओं में अकेली भारतवंशी हैं। व्हाइट हाउस की घोषणा के बाद मेंघाराजानी ने एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति बाइडेन ने व्हाइट हाउस फेलो के रूप में मेरी नियुक्ति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं कैंसर मूनशाट और हेल्थ आउटकम्स टीमों के साथ नई भूमिका में रोगियों की सेवा करने के लिए उत्साहित हूं। उल्लेखनीय है मेमोरियल स्लोअन केटरिंग कैंसर सेंटर के संकाय में रहते हुए कमल ने शीघ्र निदान और रोकथाम पर केंद्रित कैंसर अनुसंधान भी किया है।

ग्लोबल स्टॉकटेक: भारत ने अमीर देशों की आलोचना की, जलवायु परिवर्तन पर निष्क्रियता का लगाया आरोप

इस्लामाबाद। भारत ने कहा है कि पहले ग्लोबल स्टॉकटेक की प्राथमिकता 2020 से पहले के अंतरालों को निदान करना, इक्विटी लाना और विकसित देशों की जलवायु के प्रति निष्क्रियता की कमी के बारे में बताना होना चाहिए। बता दें कि ग्लोबल स्टॉकटेक, संयुक्त राष्ट्र की दो वर्षीय समीक्षा है, जिसमें पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कितनी प्रगति हुई है, इसकी समीक्षा की जाएगी। यह समीक्षा दुबई COP28 के अंत तक पूरी होगी।

भारत ने विकसित देशों की आलोचना की

यूएन के 'यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेंट चेंज' में अपनी अपेक्षाओं को रेखांकित करते हुए भारत ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित देशों को उनकी जिम्मेदारियों के मुताबिक अपने उत्सर्जन को कम करने और वित्त, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण के मामले में विकासशील देशों की मदद और क्षमता निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि ग्लोबल स्टॉकटेक के परिणामों को दुनिया से गरीबी उन्मूलन, सतत विकास, आर्थिक विविधीकरण प्रयासों के साथ ही विकसित और विकासशील देशों के बीच आर्थिक और सामाजिक अंतरों को कम करने को बढ़ावा देना चाहिए।

'पूर्व में हुए उत्सर्जन की अनदेखी नहीं होनी चाहिए'

भारत ने कहा कि ग्लोबल स्टॉकटेक के परिणामों को ऐतिहासिक जिम्मेदारियों और 2020 से पहले के उत्सर्जन की अनदेखी करके सिर्फ भविष्य की मध्यस्थता पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए। पेरिस समझौते की अखंडता की रक्षा करते हुए 2020 से पहले के अंतराल को प्राथमिकता के रूप में संबोधित किया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि समानता का सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकसित देशों के पूर्व में, वर्तमान में और भविष्य में होने वाले ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन का भी ध्यान रखा जाएगा।

पेरिस समझौते का गलत फायदा उठा रहे विकसित देश

भारत ने संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज में दिए अपने सबमिशन में कहा कि यह अनुचित है कि कुछ विकसित देश पेरिस समझौते के एक अनुच्छेद की आड़ में विकासशील देशों में जीवाश्म ईंधन के विकास को बाधित कर रहे हैं और खुद जीवाश्म ईंधन में निवेश कर रहे हैं। भारत ने कहा कि विकसित देश पेरिस समझौते के अनुच्छेद 2.1(सी) को अलग-थलग करके देख रहे हैं और जलवायु वित्त पर अन्य सभी प्रावधानों की अनदेखी कर रहे हैं और विकासशील देशों को धन उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धताओं से दूर जा रहे हैं।

नेपाल में जीवित देवी 'कुमारी' की पूजा व रथयात्रा में राष्ट्रपति भी रहे मौजूद

काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू के वसंतपुर में जीवित देवी के रूप में पूजित कुमारी की सामूहिक पूजा और रथयात्रा सम्पन्न हुई। इस समारोह में राष्ट्रपति सहित देश-विदेश के कई प्रमुख लोगों की उपस्थिति रही। हर साल अनंत चतुर्दशी पर नेपाल में यह परंपरागत इंद्रजात्रा समारोह आयोजित किया जाता है। इस दिन जीवित देवी के रूप में रही कुमारी की पूजा की जाती है। कुमारी के साथ ही भगवान गणेश और भैरव की भी पूजा होती है। काठमांडू के वसंतपुर में रहे दरबार स्क्वैर में परंपरागत ढंग से इस वर्ष भी समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान देश-विदेश के विशिष्ट लोग मौजूद रहते हैं। समारोह में नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने भी जीवित देवी की पूजा की और रथयात्रा का दर्शन किया।

टीवी शो के दौरान इमरान खान और नवाज शरीफ के प्रतिनिधियों के बीच चले लात-घूंसे, वीडियो वायरल

काठमांडू। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान न्यूज चैनलों में पैनेलिस्टों को आपस में झगड़ते और हाथापाई करते हुए देखा गया है। स्टूडियों में झगड़ों की वीडियो अकसर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखने को मिल जाती है। ऐसा ही कुछ एक बार फिर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जहां पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन)- का प्रतिनिधित्व करने वाले सीनेटर अफनान उल्लाह खान और स्टूडियो में चलने वाले इस झड़प को देखकर दर्शक और अंकर दोनों ही हैरान रह गए। मशहूर टीवी एंकर जावेद चौधरी के शो 'कल तक' में पीएमएल-एन के प्रतिनिधि ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बारे में अपशब्द कह रहे थे, जिसे सुनकर इमरान खान के वकील मारवत अपना आपा खो बैठे। वह अपनी सीट से उठे और अफनान उल्लाह खान को मारने लगे। दोनों के बीच मारपीट इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां मौजूद टीवी क्रू को हस्तक्षेप करना पड़ा। टीवी क्रू ने दोनों को अलग किया, लेकिन इसके बाद भी दोनों एक के खिलाफ अपशब्द बोलते दिखे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पीएलएम-एन के सीनेटर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि मारवत ने उनपर हमला किया था। उन्होंने आग कहा, %मैं अहिंसा में विश्वास रखता हूं, लेकिन मैं नवाज शरीफ का सिपाही हूं। मैंने मारवत की जो पिटाई की है, वह इमरान खान और पूरे पीटीआई के लिए एक सबक है।'

वहीं दूसरी तरफ इमरान खान के वकील मारवत ने सोशल मीडिया पर टीवी एंकर द्वारा गलत जानकारी फैलना का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, 'वह अफवाह फैला रहे हैं कि मेरा प्रतिद्वंद्वी एक सुपरमैन था। वह सच्चाई नहीं बता रहे हैं कि अफनान उल्लाह खान स्टूडियो से भाग गए थे और पास के कमरे में जाकर शरण ली थी।' उन्होंने यह भी बताया कि वह आपराधिक और मानहानी का मामला दर्ज करने की योजना बना रहे हैं।

भारतीय-अमेरिकियों ने हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती नफरत पर जताई चिंता, सुरक्षा और कूटनीति को लेकर कही यह बात

इस्लामाबाद। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के भारत पर आरोप लगाए जाने के बाद से विवाद बढ़ता जा रहा है। कनाडा में लगातार हिंदुओं को धमकी मिल रही है। ऐसे में, भारतीय-अमेरिकियों के एक समूह ने कनाडा में हिंदुओं के खिलाफ नफरत की बढ़ती घटनाओं की निंदा की। उन्होंने ओटेवा से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को आतंकवाद की स्वतंत्रता के साथ नहीं मिलाने और इस मुद्दे पर चुप रहकर घृणा अपराधों का समर्थन नहीं करने को कहा है। दरअसल, कनाडा में हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी देने वाले खालिस्तान समर्थक समूह का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद भारतीय-अमेरिकियों ने यह मांग की है। उनका कहना है कि यह चिंताजनक है कि खालिस्तानी आतंकवादी कनाडा की धरती पर मंदिरों को नुकसान पहुंचा कर बार-बार हिंदुओं को धमकी दे रहे हैं। अमेरिका के हिंदू विश्वविद्यालय में प्रोफेसर इंदु विश्वनाथन ने कहा, 'यह देखना चिंताजनक है कि खालिस्तानी आतंकवादी हिंदू पवित्र स्थानों को क्षतिग्रस्त करके हिंदू कनाडाई लोगों को बार-बार धमकी दे रहे हैं। ऐसे लोगों के सामने चुप रहना उनका समर्थन करने के समान है।'

कट्टरपंथियों को रोकें

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के खांडेराव कांड ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को आतंकवाद की आजादी के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। उन्हें कट्टरपंथ लोगों को रोकना चाहिए और कूटनीतिक रूप से अंतरराष्ट्रीय स्थितियों को संभालना चाहिए।

यह है मामला

गौरतलब है, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के 18 सितंबर को लगाए गए आरोपों के कुछ दिनों बाद खालिस्तानी वीडियो सामने आया है। हालांकि, कनाडा सरकार ने साफ कहा है कि आक्रामकता, घृणा, धमकी देने वालों का कनाडा में कोई स्थान नहीं है। पर वीडियो के संबंध में किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले सप्ताह आरोप लगाए थे कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ हो सकता है। ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों के पास यह मानने के कारण है कि भारत सरकार के एजेंटों ने ही निज्जर की हत्या की है। कनाडाई एजेंसियां निज्जर की हत्या में भारत की साजिश की संभावनाओं की जांच कर रही हैं। ट्रूडो ने जोर दिया कि कनाडा की धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या में किसी भी प्रकार की संलिप्तता अस्वीकार्य है। हालांकि, भारत ने इन सभी आरोपों के बेबुनियाद बताए हैं।

अमेरिका करे कनाडा से अपील

अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन के सरकारी मामलों के अध्यक्ष डॉ. संपत शिवांगी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और सांसदों से हस्तक्षेप करने और कनाडाई भारतीयों, हिंदुओं और हजारों भारतीय छात्रों को खतरों से बचाने के लिए कनाडा को एक संदेश भेजने की अपील की। भारतीय-अमेरिकी नेता भरत बरई ने कहा, 'मुझे संदेह है कि यह नफरत अमेरिका तक फैल सकती है। इसलिए हमें सतर्क रहना चाहिए। खालिस्तानी उन लोगों का इस्तेमाल करते हैं, जिन्हें आईएसआई द्वारा उकसाया जाता है और नशीली दवाओं की तस्करी, मानव तस्करी और अन्य हिंसक आपराधिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। खालसा टुडे के मुख्य संपादक सुखी चहल ने कहा, 'एक सिख के रूप में, मैं अपने गुरुओं की शिक्षाओं में दृढ़ता से विश्वास करता हूं, जो सभी मानवता की एकता पर जोर देते हैं।' उन्होंने कहा कि सच्चे सिख सभी समुदायों के बीच सद्भाव और सम्मान के लिए एक साथ खड़े हैं।

भारत को 30 फीसदी महंगा कच्चा तेल बेच रहा है रूस, अदाणी समूह ने बेचे 37,000 करोड़ के शेयर

नई दिल्ली। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच रूस भारत को महंगा तेल बेच रहा है। इस समय यह पश्चिमी देशों को 60 डॉलर प्रति बैरल पर बेच रहा है जबकि भारत को 30% महंगे यानी 80 डॉलर प्रति बैरल पर बेच रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, वैश्विक तेल बाजार में आपूर्ति कम होने व कीमतें बढ़ने से रूस निर्यात का फायदा उठा रहा है। विश्लेषकों के मुताबिक, यही स्थिति रही तो देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। यह लंबे समय से स्थिर बनी हुई हैं। जब भारत सस्ते में रूस से तेल खरीद रहा था, तब भी खुदरा बाजारों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 100 रुपये के आस-पास थीं, और अब जब कच्चा तेल महंगा हो गया है, तब भी यह उसी भाव पर स्थिर है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।